twitter.com/divyadelhi | facebook.com/divyadelhi | infodivyadelhi@gmail.com Editor: Rajesh Chauhan

RNI No. DELHI/2013/54397

# DD दिव्य दिल्ली

divyadelhi.com | शनिवार, 10 मई, 2025 | वर्ष: 12, अंक: 182, पृष्ठ: 08 | ₹ 05/- | दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

## देश में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक: तेल कंपनियां

**नई दिल्ली**
भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने जनता को पर्याप्त ईंधन स्टॉक का आश्वासन देते हुए कहा कि घबराहट में खरीदारी की जरूरत नहीं है। आईओसी का ये बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन खबरों एवं वीडियो के आने के बाद जारी किया गया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए लोगों की कतारें लग गई हैं। देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शुक्रवार को कहा कि हमारी सभी आपूर्ति लाइन सुचारू रूप से काम कर रही हैं। हमारे सभी आउटलेट पर ईंधन और एलपीजी उपलब्ध हैं। शांत रहकर और अनावश्यक भीड़ लगाने से बचते हुए हमें आपकी बेहतर सेवा करने में मदद करें। इससे हमारी आपूर्ति लाइन निर्बाध रूप से चलती रहेंगी और सभी के लिए निर्बाध ईंधन पहुंच सुनिश्चित होगी। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने भी एक बयान में कहा कि उसके राष्ट्रव्यापी नेटवर्क में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी उपलब्ध है। देशव्यापी नेटवर्क में बीपीसीएल के सभी ईंधन स्टेशन और एलपीजी वितरक सुचारू रूप से काम कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि चिंता या घबराहट में खरीदारी करने की कोई वजह नहीं है। हमारी आपूर्ति श्रृंखला का संचालन मजबूत और कुशल बना हुआ है, इसलिए हम सभी ग्राहकों से शांत रहने का आग्रह करते हैं। बीपीसीएल ऊर्जा की सुलभता और विश्वसनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है।

## 29 एयरपोर्ट्स 10 मई तक बंद

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच एयरपोर्ट पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। हवाई क्षेत्र से संबंधित प्रतिबंधों के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं, जबकि 8 राज्यों के 29 एयरपोर्ट्स को 10 मई तक यातायात के लिए बंद किया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर जिन राज्यों के एयरपोर्ट को बंद किया गया है, उनमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। जारी एडवाइजरी के बाद विमानन कंपनियों ने शुक्रवार को यात्रियों को अपने-अपने हवाई अड्डों पर निर्धारित समय पर पहुंचने की सलाह दी है।

# जंग के हालात: 20 जगह पाक का ड्रोन अटैक

## फिरोजपुर में एक परिवार के लोग झुलसे; भारत ने सभी जगह हमले नाकाम किए

**श्रीनगर**
जम्मू-कश्मीर के पाकिस्तान ने एक बार फिर हमला शुरू कर दिया है। सबसे पहले पाकिस्तान ने उड़ी के गोहालन गांव को निशाना बनाया, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। जम्मू एयरपोर्ट पर सायरन बजने लगे हैं। जम्मू में कई जगहों पर धमाका होना शुरू हो गया है। पूरे जम्मू और सांबा में ब्लैक आउट हो गया है।

**श्रीनगर में हुआ 10 विस्फोट**
श्रीनगर हवाई अड्डे के पास 10 विस्फोट हुआ है। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

**अवंतीपोरा में मार गिराया गया ड्रोन**
कश्मीर घाटी में भी ड्रोन हमला हुआ है। दक्षिण कश्मीर के अवंतीपोरा में एक ड्रोन को मार गिराया गया। कश्मीर घाटी में पूरी तरह से ब्लैकआउट हो गया।

**अखनूर में भी हुए धमाके**
अखनूर में ब्लैकआउट के बीच भारतीय वायु रक्षा बलों द्वारा पाकिस्तानी ड्रोन को रोकने पर धमाकों की आवाज सुनी जा सकती है।

**पाकिस्तान ने दागी मिसाइलें, सभी हवा में नष्ट**
जम्मू-कश्मीर के नगरोटा में पाकिस्तान ने 15 से अधिक मिसाइलें दागीं है। भारतीय सेना ने सभी हवा में मार गिराया है। वहीं राजौरी में भी ड्रोन को मार गिराया गया है।

**उमर अब्दुल्ला ने भी शेयर की तस्वीरें**
जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि जम्मू में अब ब्लैकआउट, पूरे शहर में सायरन की आवाजें सुनाई दे रही हैं।



## किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहें बैंक: सीतारमण

**नई दिल्ली**
केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सीमा पर तनाव से उत्पन्न सुरक्षा चिंताओं के बीच शुक्रवार को बैंकों से किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने को कहा। सीतारमण ने कहा कि देश की बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली मजबूत और लचीली बनी हुई है। वित्त मंत्री निर्मला उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## प्रधानमंत्री आवास पर उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने आवास पर एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक बुलाई, जिसमें देश की सुरक्षा स्थिति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल तथा थल, जल और वायु सेना प्रमुख उपस्थित हैं। बैठक पाकिस्तान की ओर से मिसाइल हमलों, एलओसी पर बढ़ती गोलीबारी के बीच हो रही है। प्रधानमंत्री ने सुरक्षा बलों की तैयारियों की जानकारी ली और



आवश्यक रणनीतिक निर्देश दिए। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसमें वायु सेना, थल सेना और नौसेना के पूर्व प्रमुखों सहित कई वरिष्ठ सैन्य दिग्गज शामिल थे।

### बैंकों ने कहा-एटीएम में पर्याप्त नकदी

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बडे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) सहित कई अन्य बैंकों ने शुक्रवार को कहा कि उनके एटीएम पूरी तरह से चालू हैं। उनमें पर्याप्त नकदी भी है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आई उन खबरों की पृष्ठभूमि में यह बयान जारी किया है।

## पाकिस्तान ने सीमा पर फिर किया दुस्साहस, सेना ने दिया जवाब



**फिरोजपुर**
भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव के बीच पाकिस्तान ने शुक्रवार रात एक बार फिर भारत के सीमावर्ती राज्यों के प्रमुख शहरों एवं रिहायशी इलाकों को निशाना बनाते हुए ड्रोन से हमले किए। हालांकि भारतीय सेना एवं सुरक्षा एजेंसियां ने संयमित होकर इन ड्रोन को एक-एक कर निष्क्रिय कर दिया है। पाकिस्तान ने आज जम्मू कश्मीर के जम्मू, सांबा, राजौरी, अवंतीपोरा, पुंछ, कुपवाड़ा, श्रीनगर, बारामूला। पंजाब के फिरोजपुर, फाजिल्का, अमृतसर, पठानकोट, गुरदासपुर, करतारपुर, बठिंडा। राजस्थान के जैसलमेर, श्रीगंगानगर, पोकरण, बाड़मेर और गुजरात के कच्छ में ड्रोन से हमले किए हैं।

पंजाब के फिरोजपुर जिले में एक पाकिस्तानी ड्रोन ने आवासीय इलाके को निशाना बनाया। इस हमले में एक मकान में आग लग गई, जिसमें तीन लोग झुलस गए। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) भूपिंदर सिंह सिद्धू ने पुष्टि की है कि घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने तत्काल मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

उन्होंने बताया कि तीनों घायलों के शरीर पर जलने के जख्म हैं। उन्होंने बताया कि सेना और सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के चलते अधिकांश ड्रोन को निष्प्रभावी कर दिया गया है। हमले के बाद पूरे क्षेत्र में ब्लैकआउट लागू कर दिया गया और स्थानीय नागरिकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## जम्मू कश्मीर: तीन सीमावर्ती जिलों के लोगों को बंकरों में भेजा

जम्मू कश्मीर के तीन सीमावर्ती जिलों के निवासियों को बंकरों और अन्य सुरक्षित घरों में स्थानांतरित किया गया। इसमें बारामूला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा शामिल है।

**भारत ने आईएमएफ में किया पाकिस्तान की फंडिंग का विरोध**
अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने विस्तारित निधि सुविधा ऋण कार्यक्रम की समीक्षा की। आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए एक नए ऋण कार्यक्रम (1.3 बिलियन डॉलर) पर भी विचार किया। भारत ने पाकिस्तान के मामले में आईएमएफ कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर चिंता जताई। भारत सरकार ने कहा कि पाकिस्तान के खराब ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए सीमा पार आतंकवाद के



लिए फंडिंग में ऋण निधि के दुरुपयोग की संभावना जताई। भारत ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद को प्रोत्साहित करना वैश्विक समुदाय को एक खतरनाक संदेश देता है। यह फंडिंग एजेंसियों और दानकताओं की प्रतिष्ठा को जोखिम में डालता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के बयानों और मतदान से उसके दूर रहने पर ध्यान दिया। भारत ने आतंकवाद संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान के ऋण कार्यक्रमों पर आईएमएफ (अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष) के मतदान से खुद को दूर रखा।

## नड्डा ने की स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली**
भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच राजधानी नई दिल्ली में एक के बाद एक कई बैठकों का दौर जारी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को देश के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की। निर्माण भवन में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूरी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कंट्रोल सेंटर से पूरी निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि देश के अस्पताल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि




भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान ने गुरुवार रात लगातार भारत के अलग-अलग शहरों में ड्रोन, मिसाइल, हवाई हमले किए, लेकिन भारत ने उसकी हर कोशिश नाकाम कर दी।

**सीए की परीक्षाएं स्थगित**
देशभर में तनावपूर्ण सुरक्षा स्थिति को देखते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने मई 2025 में होने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) परीक्षाओं के शेष पेपरों को स्थगित करने की घोषणा की है। यह परीक्षाएं 9 से 14 मई तक आयोजित होने वाली थीं।

**भारत-नेपाल खुली सीमा पर चौकसी कड़ी**
भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और सीमा पर युद्ध जैसे हालात को लेकर शुक्रवार दोपहर को नेपाल और भारत के सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में संयुक्त सुरक्षा रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक के बाद भारत-नेपाल खुली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी कड़ी कर दी गई है। नेपाल स्थित कोसी बराज पर नेपाल और भारत के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा की सुरक्षा और अवांछित गतिविधियों को रोकने को लेकर कई रणनीतियां साझा की।

## करतारपुर साहिब कॉरिडोर सेवा अनिश्चितकाल के लिए निलंबित



**नई दिल्ली**
पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तनाव बढ़ गया है। लगातार तीसरे दिन आज विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि भारत पाकिस्तानी घुसपैठ, ड्रोन से हमले और सीमा पर संघर्ष विराम उल्लंघन का माकूल जवाब दे रहा है। उन्होंने कहा कि करतारपुर साहिब कॉरिडोर सेवाएं अगले आदेश तक अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दी गई हैं। बता दें कि करतारपुर कॉरिडोर पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब को जोड़ता है। ये सिख धर्म के संस्थापक, गुरु नानक देव का अंतिम विश्राम स्थल है। पंजाब के गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक मंदिर से थोड़ी दूर स्थित यह धार्मिक आस्था का केंद्र वीजा-मुक्त है। 4.7 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर भारतीय सीमा को पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब से जोड़ता है। इसे 2019 में शुरू किया गया था।

**भारतीय सशस्त्र बलों पर बेतुके आरोप लगा रहा पाकिस्तान**
मिस्री ने पाकिस्तान के इस दावे को खारिज कर दिया कि भारत अपने ही क्षेत्र पर हमला कर रहा है। उन्होंने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमले के बारे में गलत सूचना फैलाने के लिए पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया। उन्होंने इसे सरासर झूठ बताया। मिस्री ने कहा, अपनी हरकतों को स्वीकार करने के बदले पाकिस्तान भारतीय सशस्त्र बलों पर बेतुके आरोप लगा रहा है। वे ऐसी हरकतों में पारंगत हैं जैसा कि उनका इतिहास दिखाता है। पाकिस्तान सांप्रदायिक कलह पैदा करने के इरादे से परिस्थितियों को सांप्रदायिक रंग देने की बेतहाशा कोशिश कर रहा है।

## धामी ने ली अफसरों की बैठक, सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

**देहरादून**
आतंकवाद के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बीच सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सीमवर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को राज्य सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव गृह शैलेश बगौली, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ व अन्य वरिष्ठ अफसरों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने हाल ही में बनी परिस्थितियों के बीच सुरक्षा व सतर्कता की




दिशा में उठाए कदमों और तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने अफसरों को हर परिस्थिति के लिए पूरी तरह तैयार रहने व सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात प्रशासनिक इकाइयों को चौकस रखने के निर्देश दिए।

**चौकसी, संदिग्ध लोगों की खोजबीन जारी**
अफसरों ने सीएम को बताया कि राहत और बचाव दलों को भी तैयार रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान सीएम ने अफवाहों से बचने और जनता को सही समय पर जानकारी देने के लिए सूचना विभाग को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है, हम किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

## जैसलमेर में पाकिस्तान ने फिर की हमले की नाकाम कोशिशें

**बाड़मेर/जैसलमेर**
पाकिस्तान ने गुरुवार की तरह ही शुक्रवार को एक बार फिर से दुस्सास शुरू कर दिया। अंधेरा होते ही पाकिस्तान ने भारत में हमले की कोशिशें शुरू कर दी हैं। जैसलमेर में शुक्रवार को भी पाकिस्तान की ओर से आने वाले कई हवाई हमलों को रोका गया। हमले की इन नाकाम कोशिशों के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। कई सीमावर्ती जिलों में ब्लैकआउट कर दिया गया है। हमलों के तुरंत बाद, पोकरण में सायरन बजने लगे और क्षेत्र में पूरी तरह से ब्लैकआउट कर दिया गया। हमले के बाद, जोधपुर में आधी रात से शुरू होने वाला ब्लैकआउट तुरंत लागू कर दिया गया। बाड़मेर, श्रीगंगानगर और फलौदी में भी ब्लैकआउट लागू किया गया। सुरक्षा के नजरिए से बाड़मेर कलेक्टर ने हाई रेड अलर्ट की घोषणा करते हुए लोगों से घरों में जाने की अपील की।

# देश में खाद्यान्न की कोई कमी नहीं: शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली**
केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर शुक्रवार को मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में शिवराज ने कहा कि अधिकारियों से फसल बुआई, खाद्यान्न, फल-सब्जी उत्पादन तथा उपलब्धता की जानकारी लेने के साथ मौजूदा परिस्थितियों में किसानों को कहीं-कोई दिक्कत नहीं आने देने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। देश में गेहूं, चावल व अन्य अनाज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बंपर उत्पादन हुआ है। किसानों से खरीद भी जारी है। यह संतोष की बात है कि हमारे



पास अन्न के भंडार इस समय भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना हमारे देश का संकल्प है। आतंकवादियों को हम नहीं छोड़ेंगे, उनके ठिकाने, उनके अड्डे तबाह करने के लिए कड़ी कार्रवाई की गई है। चौहान ने बताया कि वर्ष 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 3322.98 लाख मीट्रिक टन था, जो 2024-25 में बढ़कर 3474.42 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। चावल की भी कोई कमी नहीं है, पिछले साल के 1378.25 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले इस साल 1464.02 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है। गेहूं पिछले साल था 1132.92 लाख मीट्रिक टन, जो इस बार 1154.30 लाख मीट्रिक टन उत्पादन अनुमानित है, जिसमें और बढ़ोत्तरी की उम्मीद है। शिवराज सिंह ने बताया कि दालों का उत्पादन भी भरपूर हुआ है, जो 242.46 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 250.97 लाख मीट्रिक टन हो गया।

**दून एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट जारी**
पाकिस्तान पर भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद देश के कई एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं। जबकि देहरादून एयरपोर्ट पर हवाई यातायात सुचारू है। लेकिन दून एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट जारी कर अतिरिक्त सुरक्षा जवानों को तैनात कर किया गया है। एयरपोर्ट पर तैनात कर्मचारियों, अधिकारियों और सुरक्षा बलों की छुट्टियों को रद्द कर दिया गया है। एयरपोर्ट के बाहर टोल बैरियर से लेकर एयरपोर्ट के अंदर तक कई चरणों में तलाशी अभियान चलाकर लोगों व यात्रियों को आगे भेजा जा रहा है। सीआईएसएफ के साथ अन्य सुरक्षा एजेंसियां मोर्चा संभाले हुए हैं। एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) को तैनात कर दिया गया है। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर सीआईएसएफ 24 घंटे गश्त कर रही है।

# रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज पर रोक, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज को लेकर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से बचने की हिदायत दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आदेश में कहा है, 'सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही के लाइव कवरेज को दिखाने से परहेज करने की सलाह दी जाती है। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया यूजर्स से अनुरोध है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय अत्यंत जिम्मेदारी बरतें और मौजूदा कानूनों व नियमों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने आगे बताया, विशेष रूप से रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से संबंधित रीयल-टाइम कवरेज, विजुअल का प्रसार या सूत्र आधारित जानकारी की रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। संवेदनशील जानकारी का समयपूर्व खुलासा अनजाने में शत्रु तत्वों की मदद कर सकता है और अभियान की प्रभावशीलता तथा कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। पिछली घटनाओं ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकी हमले (26/11) और कंधार अपहरण जैसे मामलों में अनियंत्रित कवरेज से राष्ट्रीय हितों पर प्रभाव पड़ा था। मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और व्यक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानूनी दायित्वों के अलावा, यह हमारा साझा नैतिक उत्तरदायित्व है कि हमारे सामूहिक कार्य चल रहे अभियानों या हमारी




सेनाओं की सुरक्षा को खतरे में न डालें। इस आदेश में बताया गया कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पहले ही सभी टीवी चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 के नियम 6(1)(पी) का पालन करने के लिए परामर्श जारी किया है। नियम 6(1)(पी) में कहा गया है कि केबल सेवा में कोई भी कार्यक्रम प्रसारित नहीं किया जाना चाहिए, जिसमें सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान की लाइव कवरेज हो, ऐसी मीडिया कवरेज केवल उपयुक्त सरकार द्वारा नामित अधिकारी की ओर से समय-समय पर दी गई जानकारी तक सीमित होगी, जब तक कि वह अभियान समाप्त न हो जाए। उन्होंने बताया, ऐसा प्रसारण केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 का उल्लंघन है और इसके तहत कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए, सभी टीवी चैनलों को सलाह दी जाती है कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में आतंकवाद विरोधी अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज प्रसारित न करें। सभी हितधारकों से अनुरोध है कि वे कवरेज में सतर्कता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बरतते रहें और राष्ट्र की सेवा में उच्चतम मानकों का पालन करें। यह आदेश मंत्रालय के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के साथ जारी किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने भी अपने एक्स अकाउंट पर इस आदेश को शेयर करते हुए अपील की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, ÷सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्मों और व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज या रीयल-टाइम रिपोर्टिंग से बचें। ऐसी संवेदनशील या स्रोत-आधारित जानकारी का खुलासा करने से अभियान खतरे में पड़ सकता है और लोगों की जान को जोखिम हो सकता है।

# रक्षा मंत्री ने सेना प्रमुखों के साथ की 'ऑपरेशन सिंदूर' व मौजूदा स्थिति की समीक्षा

## ● रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय में एक बेहद महत्वपूर्ण मीटिंग की।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय में एक बेहद महत्वपूर्ण मीटिंग की। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख यानी वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी व नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। बैठक में रक्षा सचिव आरके सिंह भी मौजूद रहे। इस बैठक में आतंकवादियों के खिलाफ शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में पाकिस्तान के कारण सीमावर्ती इलाकों में उत्पन्न हुई पूरी स्थिति की समीक्षा की गई। माना जा रहा है कि इस बैठक में आगे की रणनीति और सैन्य तैयारियों पर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने अब तक भारत के कई सैन्य और नागरिक ठिकानों पर अटैक किया है, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह से



नाकाम कर दिया है। इसके साथ ही भारत ने जबरदस्त जवाबी कार्रवाई भी की है। पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन अटैक भी नाकाम किए गए हैं। पाकिस्तान को यहां भी बड़ा नुकसान हुआ है और उसके कई ड्रोन भारतीय सेना ने नष्ट कर दिए। इसके साथ ही पाकिस्तान के मिसाइल हमलों को भी प्रभावी ढंग से विफल किया गया। सेना ने इसकी पूरी जानकारी रक्षा मंत्री को दी है। सेना के मुताबिक भारतीय एस-400 वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान की आठ मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। ये सभी मिसाइल हमले जम्मू कश्मीर में टारगेट किए गए थे। तीनों सेना प्रमुखों ने जम्मू कश्मीर से लेकर राजस्थान तक के विभिन्न इलाकों में पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले और उसकी जवाबी कार्रवाई की जानकारी रक्षा मंत्री को दी है। इसके साथ ही बताया गया है कि किस प्रकार से भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के हमलों को नाकाम किया।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने वाली जनहित याचिका खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने कहा हम किसी राज्य को आदेश नहीं दे सकते

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू कराने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हम सीधे किसी राज्य को आदेश नहीं दे सकते। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गईं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्ध वस्तु को अपने कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक जांच में यह वस्तु मोर्टार जैसी प्रतीत हो रही है, जिसके बाद सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने इलाके को पूरी तरह सील कर दिया। वस्तु के 100 मीटर के दायरे में किसी भी व्यक्ति को आने-जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पुलिस ने आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह वस्तु संभवतः पुरानी हो सकती है, क्योंकि जैसलमेर सीमावर्ती क्षेत्र है और यहां सैन्य गतिविधियां समय-समय पर होती रहती हैं। कुछ ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यह कोई पुराना गोला-बारूद हो सकता है, जो पहले



से जमीन में दबा हुआ था। हालांकि, इसकी सटीक प्रकृति का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम को बुलाया गया है। फिलहाल बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया है, जो वस्तु की जांच करेगा। वहीं पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और पुलिस का सहयोग करें। प्रशासन ने भी लोगों से शांति बनाए रखने और बिना अनुमति के घटनास्थल पर न जाने की अपील की है। आपको बता दें कि जैसलमेर में इस तरह की घटना पहली बार नहीं है। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां पहले भी पुराने गोला-बारूद या संदिग्ध वस्तुएं मिल चुकी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश या मिट्टी के कटाव के कारण कभी-कभी पुरानी वस्तुएं सतह पर आ जाती हैं। फिलहाल, पुलिस और प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ मामले की जांच में जुटे हैं। बम निरोधक दस्ते की रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह वस्तु विस्फोटक है या नहीं। वहीं पंजाब के होशियारपुर जिले के हलका मुकेरियां के गांव बह फत्ता में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक खेत में पाकिस्तान द्वारा दागी गई मिसाइल का मलबा मिला। यह मिसाइल आंशिक रूप से टूटी हुई अवस्था में थी और इसका कुछ हिस्सा अलग हो चुका था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस और प्रशासन को दी, जिसके बाद पंजाब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इलाके को पूरी तरह सील कर दिया। जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान ने दसूहा आसपास के क्षेत्रों में कई मिसाइल हमले किए, लेकिन भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने अधिकांश मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। यह मिसाइल उनमें से एक है, जो नष्ट होने से बच गई और बह फत्ता गांव के खेतों में जा गिरी।

## चंडीगढ़ में हवाई हमले की चेतावनी : सायरन गूंजे ,सभी लोगों को घर में रहने का निर्देश

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा पर हमले की कोशिश जारी है। 8 और 9 मई की मध्य रात्रि को भारत की ओर टारगेट करते हुए कई ड्रोन और मिसाइल दागे गए, जिन्हें भारतीय सेना ने हवा में ही नष्ट कर दिया। इस बीच शुक्रवार को चंडीगढ़ में एयरफोर्स स्टेशन से हवाई हमले की चेतावनी के बाद प्रशासन अलर्ट मोड में है। आम लोगों को भी घरों में रहने की सलाह दी गई है। चंडीगढ़ डीसी की ओर से सभी लोगों को घर के अंदर रहने का निर्देश जारी किया गया है। इसके साथ ही लोगों को निर्देश दिया गया है कि वे बालकनी से दूर रहें। चंडीगढ़ में सायरन भी गूंज रहा है।



चंडीगढ़ के अलावा मोहाली में भी लोगों को अलर्ट किया गया है। भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए पंजाब में परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। राज्य के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए, यह आदेश दिया जाता है कि पूरे पंजाब में सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय - सरकारी, निजी और सहायता प्राप्त - अगले तीन दिनों के लिए पूरी तरह से बंद रहेंगे। गुरुवार की रात को पंजाब के छह सीमावर्ती जिलों - फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, अमृतसर, गुरदासपुर और तरनतारन में ब्लैकआउट की सूचना मिली। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पंजाब के कुछ सीमावर्ती गांवों के लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे हैं। वहीं, पंजाब पुलिस के सभी कर्मियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गईं।

## उरी में पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में महिला की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में गुरुवार की रात पाकिस्तान के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए कई हमलों को प्रभावी ढंग से विफल किया गया और मुंहतोड़ जवाब दिया गया। बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सीमा पार से की गई गोलाबारी में एक महिला की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए है। देर रात को पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने पूरे पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों के जरिए कई हमले किए। सेना के एडीजीपीआई ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ड्रोन हमलों को प्रभावी ढंग से विफल किया गया और सीएफवी का मुंहतोड़ जवाब दिया गया। भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सभी नापाक मंसूबों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा।

## भारत-पाक तनाव के चलते आईपीएल 2025 को किया गया रद्द

● बीसीसीआई का बड़ा फैसला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में मौजूदा हालात को देखते हुए आईपीएल 2025 को अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा कारणों से यह अहम निर्णय लिया है। बोर्ड जल्द ही इस पर आधिकारिक घोषणा कर सकता है। बता दें कि बुधवार को पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों पर ड्रोन से हमले किए, जिनका भारत ने सख्त जवाब देते हुए दुश्मन के कई ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया। हालांकि, इन हमलों की आंच IPL पर



भी पड़ी। इसी दौरान धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जा रहा मैच बीच में ही रोकना पड़ा। इससे पहले, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पीओके समेत पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की थी। इसके बाद से ही हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं।

## जम्मू-कश्मीर के सांबा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम की, 7 आतंकी ढेर

**एजेंसी**

**सांबा।** भारत और पाकिस्तान के बीच इन दिनों भारी तनाव देखने को मिल रहा है. ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान बौखलाया हुआ है. यही कारण है कि हमले की नाकाम कोशिश कर रहा है. 8 और 9 मई 2025 की दरमियानी रात को जम्मू फ्रंटियर बीएसएफ के सांबा सेक्टर में एक बड़े आतंकवादी समूह द्वारा घुसपैठ की कोशिश की गई, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया. ब्रस्न ने यहां पाकिस्तान की तरफ से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया है. बीएसएफ ने जानकारी देते हुए बताया की 8-9 मई 2025 को, बीएसएफ ने



जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कम से कम सात आतंकवादियों को मारकर और पाकिस्तान पोस्ट ढांढर को व्यापक नुकसान पहुंचाकर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया।

## ध्यान दें! इंडिगो ने श्रीनगर, अमृतसर समेत कई शहरों के लिए कैंसिल की उड़ान

### 'कई शहरों के लिए उड़ानें 10 मई तक रद्द कर दी गई हैं।'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर कुछ उड़ानों पर भी पड़ा है। इंडिगो ने अपनी कई फ्लाइट्स रद्द कर दी हैं। एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें बताया गया है कि कई शहरों के लिए उड़ानें 10 मई तक रद्द कर दी गई हैं। ट्रैवल एडवाइजरी में कहा है, ÷आपकी सुरक्षा और संरक्षा हमारी प्राथमिकता है। वर्तमान स्थिति के कारण, श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, किशनगढ़ और राजकोट के लिए सभी उड़ानें 10 मई 2025 तक 23:59 बजे तक रद्द हैं। हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं और सभी प्राधिकरणों के साथ समन्वय बनाए हुए हैं। हम आपको आधिकारिक तौर पर अपडेट देते रहेंगे। साथ ही आपकी यात्रा योजना में हर संभव मदद करने को तैयार हैं। आपकी समझदारी और धैर्य के लिए धन्यवाद। इंडिगो ने अपने एक्स




अकाउंट पर रिफंड के लिए एक लिंक भी शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'आपकी सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। निम्नलिखित शहरों के लिए उड़ानें 10 मई तक 23:59 बजे तक रद्द हैं। हम आपकी यात्रा को आसान बनाने के लिए हैं। उड़ान की स्थिति को लिंक पर जाकर देखें और री-बुकिंग या रिफंड के लिए संपर्क करें। इससे पहले, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर सूचित किया है कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए अगले आदेश तक देश के 24 हवाई अड्डों को नागरिक उड़ान परिचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। बढ़ते खतरे के जवाब में, कई भारतीय एयरलाइंस ने यात्रा संबंधी एडवाइजरी भी जारी की, जिसमें यात्रियों से सिक्योरिटी चेक को देखते हुए अतिरिक्त समय देने और बढ़ी हुई सुरक्षा जांच में सहयोग करने का आग्रह किया गया है।

मंत्रालय ने बंद होने की अवधि या इस कदम के पीछे के कारणों को स्पष्ट नहीं किया। हवाई अड्डों को बंद करना एक व्यापक सुरक्षा प्रोटोकॉल का हिस्सा है, जिसमें कई प्रभावित हवाई अड्डे अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब या रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थित हैं। नागरिक उड़ानों के बंद होने से उत्तरी और पश्चिमी भारत में कनेक्टिविटी प्रभावित होने की उम्मीद है, और यात्रियों से हवाई अड्डे पर जाने से पहले एयरलाइनों से जांच करने का आग्रह किया गया है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने देश की सभी एयरलाइंस और हवाई अड्डों से सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की सलाह दी है।

## पाकिस्तान अब अपने वजूद के लिए संघर्ष करता दिखाई देगा : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि उसने इतनी बड़ी हिमाकत कर दी है कि अब वह अपने वजूद के लिए संघर्ष करता दिखाई देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा अब दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी ने आज महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में पाकिस्तान पर यह टिप्पणी की। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों के हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना के बाद हर भारतवासी ने पाकिस्तान को सबक सिखाने की ठान ली थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। आज पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका है और कराहता हुआ नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने पाकिस्तान के बेशर्मीपूर्ण रवैये पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भारत की कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और राजनीतिज्ञों की मौजूदगी दुनिया की आंखें खोलने




वाली है। यह साबित करता है कि पाकिस्तान न केवल आतंकवादियों को संरक्षण देता है, बल्कि सीधे तौर पर आतंकवाद में शामिल भी है। अब पाकिस्तान अपने वजूद के लिए जूझ रहा है।

## ऑपरेशन सिंदूर : राष्ट्रीय संकट की घड़ी में संपूर्ण देश सरकार और सैन्य बलों के साथ खड़ा : आरएसएस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किए गए भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत और संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की तरफ से बयान जारी किया गया है। उन्होंने आतंकियों के खिलाफ जारी 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन करते हुए भारत सरकार और सैन्य बलों का हार्दिक अभिनंदन किया है। आरएसएस ने कहा कि राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में संपूर्ण देश तन-मन-धन से देश की सरकार एवं सैन्य बलों के साथ खड़ा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'ऑपरेशन सिंदूर' की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के पश्चात पाक प्रायोजित आतंकवादियों एवं उनके समर्थक पारितंत्र पर की जा रही



निर्णायक कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्य बलों का हार्दिक अभिनंदन। हिंदू यात्रियों के नृशंस हत्याकांड में आहत परिवारों को एवं समस्त देश को न्याय दिलाने हेतु हो रही इस कार्रवाई ने समूचे देश के स्वाभिमान एवं हिम्मत को बढ़ाया है।' पोस्ट में आगे लिखा गया है, 'हमारा यह भी मानना है कि पाकिस्तान में आतंकियों, उनका ढांचा एवं सहयोगी तंत्र पर की जा रही सैनिक कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक एवं अपरिहार्य कदम है। राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में संपूर्ण देश तन-मन-धन से देश की सरकार एवं सैन्य बलों के साथ खड़ा है। पाकिस्तानी सेना द्वारा भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों एवं नागरिक बस्ती क्षेत्र पर किए जा रहे हमलों की हम निंदा करते हैं और जो इन हमलों का शिकार हुए, उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।' आरएसएस ने आगे लिखा, 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस चुनौतीपूर्ण अवसर पर समस्त देशवासियों से आह्वान करता है कि शासन एवं प्रशासन द्वारा दी जा रही सभी सूचनाओं का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें।

## भारत ने आठ हजार से ज्यादा एक्स अकाउंट्स को ब्लॉक करने का दिया आदेश

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान में जंग जैसे हालात के बीच भारत सरकार ने देश को लेकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचना पर सख्त कदम उठाया है। बताया जा रहा है सरकार ने कई एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट्स को ब्लॉक करने का निर्णय लिया है। प्रारम्भिक जानकारी के मुताबिक, भारत के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैलाने वाले एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट्स के खिलाफ सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। भारत सरकार ने आठ हजार से ज्यादा एक्स अकाउंट्स को बंद करने का आदेश दिया है। अभी विस्तृत विवरण का इंतजार है और इसकी पुष्टि होना बाकी है।

## अगले 5 दिनों तक कई राज्यों में बारिश और गरज के साथ बौछारें, एनसीआर में ओलावृष्टि और बिजली गिरने की चेतावनी

नई दिल्ली । भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी है कि देश के उत्तर-पश्चिमी और मध्य हिस्सों में आने वाले पांच दिनों तक गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है। इसके तहत कई राज्यों के लिए मौसम से जुड़ी चेतावनियां जारी की गई हैं, जिनमें दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। 9 मई को दिल्ली में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस दिन तेज गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही बिजली गिरने का भी खतरा जताया गया था। 10 मई को मौसम आमतौर पर बादलों से घिरा रहेगा और हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री रहने की संभावना है। 11 मई को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और तापमान 37 डिग्री अधिकतम और 27 डिग्री न्यूनतम रहने की संभावना है। इसके बाद 12 से 15 मई तक मौसम साफ और आंशिक रूप से बादलों से युक्त रहेगा। तापमान इस दौरान अधिकतम 37-38 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री के आसपास रहेगा। मौसम विभाग ने 11 मई तक असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर जैसे पूर्वोत्तर राज्यों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में भारी बारिश, गरज और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। स्थानीय प्रशासन और मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और जब तक आवश्यक न हो, घर से बाहर न निकलें।

## राहुल गांधी ने अमेरिकी रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नए पोप चुने जाने पर दी बधाई

नई दिल्ली । अमेरिकी धर्मगुरु रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्त को गुरुवार को नया पोप चुन लिया गया है। वो अमेरिका से पोप बनने वाले पहले कार्डिनल हैं। दो दिनों तक चली गहन चयन प्रक्रिया के बाद प्रीवोस्ट को पोप लियो XIV के रूप में चुना गया। नए पोप के चयन की घोषणा के साथ ही वेटिकन में सेंट पीटर्स स्क्वायर पर हजारों की भीड़ ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। कई वैश्विक नेताओं ने भी प्रीवोस्त के नेतृत्व में चर्च के प्रगतिशील भविष्य की उम्मीद जताई है। वहीं कांग्रेस नेता ने उन्हें बधाई दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्त को पोप लियो XIV के रूप में चुने जाने पर हार्दिक बधाई। उनके नेतृत्व में शांति, करुणा और मानवता की सेवा को बढ़ावा मिलेगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर वैश्विक कैथोलिक समुदाय को मेरी शुभकामनाएं। शिकागो में जन्मे 69 वर्षीय प्रीवोस्ट, ऑगस्टिनियन ऑर्डर के सदस्य थे और इन्होंने पेरू में बड़े पैमाने पर सेवा की थी। वह साल 2023 से बिशप के लिए डिकास्टरी के प्रीफेक्ट और लैटिन अमेरिका के लिए पोंटिफिकल कमीशन के अध्यक्ष थे। उन्हें पोप फ्रांसिस द्वारा पदों पर नियुक्त किया गया था, जिन्होंने उन्हें कार्डिनल के रूप में पदोन्नत किया था। वह लियो XIV का पोंटिफिकल नाम लेंगे।

## पाकिस्तान नहीं संभला तो कांच की तरह टूट कर बिखर जाएगा : संदीप दीक्षित

नई दिल्ली । पाकिस्तान की ओर से भारत पर हो रहे हमले पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास मौका है कि वह संभल जाए नहीं तो वह कांच के गिलास की तरह टूट कर बिखर जाएगा। समाचार एजेंसी से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि पाकिस्तान इतने प्रहार सहने के बाद भी जिद्दी बना हुआ है, लेकिन मुझे लगता है कि यह उनका आखिरी प्रयास है। पाकिस्तान ने आतंकवाद को समर्थन देने के लिए लापरवाह कदम उठाया। पहलगाम में इसकी शुरुआत हुई। इसकी जवाबी कार्रवाई भारत की ओर से दी गई। लेकिन उसके बाद भी पाकिस्तान को लगा कि वे अपने लोगों को दिखाने के लिए कुछ बातें कर सकते हैं। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि हम उनकी हर कोशिश को बार-बार विफल कर देंगे। पाकिस्तान पर भारत की जवाबी कार्रवाई पर संदीप दीक्षित ने कहा कि एक बात मैं कहूंगा कि पाकिस्तान हमें बार-बार उकसाता है, लेकिन यह सराहनीय है कि हमारी प्रतिक्रिया हमेशा संतुलित और नियंत्रित होती है। हम केवल उनकी बातों का जवाब देते हैं, जैसा कि वे कहते हैं, नहले पे दहला। लेकिन सच्चाई यह है कि हम उन्हें दहले पे दहला दे रहे हैं, क्योंकि अगर हम अपनी सैन्य ताकत, अपनी आर्थिक ताकत, अपने राष्ट्र के निर्माण और अपनी एकता पर विचार करे।

# पहलगाम हमला ही था असल उकसावा, झूठ और भ्रामक दावे कर रहा पाकिस्तान : भारत

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने कहा कि पाकिस्तान लगातार पहलगाम हमले और उसके बाद के घटनाक्रम पर झूठ बोल रहा है। भारत स्पष्ट करना चाहता है कि पहलगाम ही पहले उकसावे की घटना थी। इसी के जवाब में भारत ने आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए सटीक और संयमित कार्रवाई की है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंत्रालय में एक स्पेशल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने केवल आतंकी ढांचे को निशाना बनाया है। अगर पाकिस्तान आगे कोई हमला करता है तो जवाबी कार्रवाई के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।÷ उन्होंने स्पष्ट किया कि पहलगाम हमला एक सोची-समझी उकसावे की कार्रवाई थी, जिसमें लश्कर ए तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े 'द रजिस्टेंस फ्रंट' की भूमिका सामने आई है। हालांकि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के पहलगाम हमले पर जारी होने वाले बयान से इस संगठन का नाम हटवाया, जबकि संगठन ने शुरुआत में अपनी भूमिका स्वीकार की थी।



विदेश सचिव मिस्री ने पाकिस्तान की ओर से पूरे घटनाक्रम पर फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम से जुड़े दावों को बेनकाब किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमले के बाद से ही निष्पक्ष जांच कराए जाने की बात करता आ रहा है, लेकिन मुंबई और पठानकोट जैसे आतंकी हमलों पर ठोस सबूत देने के बावजूद भी आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पाकिस्तान के भारत के हमले में निर्दोष नागरिकों के मारे जाने के दावे का उन्होंने खंडन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी तस्वीरें सामने आ रही है जहां आतंकियों को 'शहीद' बताकर महिमामंडित किया जा रहा है। वहीं कल पाकिस्तान ने भारत के निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया। कल के सीमापार से किए गए हमले में 16 भारतीय नागरिकों की जान गई है जिसमें 5 महिलाएं और 3 बच्चे हैं। विदेश सचिव ने स्पष्ट किया कि भारत ने किसी धार्मिक स्थल पर नहीं, बल्कि आतंकवाद की पनाहगाह पर कार्रवाई की थी। पाकिस्तान द्वारा जिस मस्जिद को निशाना बनाने की बात कही जा रही है, वह एक आतंकी प्रशिक्षण केंद्र था। दूसरी ओर कल पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में गुरुद्वारे पर हमला किया। इससे उसकी नीयत पर सवाल खड़े हो रहे हैं।उन्होंने सिंधु जल संधि का भी उल्लेख किया और इसपर पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे झूठ का खंडन किया। उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि का मुद्दा हमले के बाद नहीं उपजा है। भारत ने बीते दो वर्षों से संधि के नियम और शर्तों के अनुरुप पुन:वार्ता (री-नेगोसिएशन) के लिए नोटिस दिया है। छह दशकों यहां तक कि युद्धकाल में भी भारत ने इस संधि का सम्मान किया। बावजूद इसके पाकिस्तान कानूनी प्रक्रिया में उलझाकर भारत के अधिकार की नदियों पर भी परियोजनाओं का विरोध करता रहा है। मिस्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जलवायु परिवर्तन, तकनीकी और जनसांख्यिकीय बदलावों के कारण संधि में बदलाव समय के अनुसार जरूरी हो गया है, लेकिन पाकिस्तान इससे भाग रहा है– जो कि सीधे तौर पर संधि के प्रस्तावना का उल्लंघन है।

## ओटीटी प्लेटफार्म से सभी पाकिस्तानी कंटेंट हटाने के निर्देश

एजेंसी

नई दिल्ली।भारत ने पाकिस्तान पर डिजिटल स्ट्राइक करते हुए ओटीटी प्लेटफार्म पर चल रहे उनके वेबसीरीज, डिजिटल सामग्री को तुरंत बंद करने करने के निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रहित में ओटीटी प्लेटफार्म से सभी तरह के पाकिस्तानी कंटेंट हटा दिया जाए। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर किया गया है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जारी निर्देश में कहा कि भारत में हुए कई आतंकी हमलों में पाकिस्तान स्थित सरकारी और गैर-सरकारी तत्वों हाथ रहा है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में भारत में संचालित सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म, मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को सलाह दी जाती है कि वे पाकिस्तान से आने वाली वेब-सीरीज, फिल्में, गाने, पॉडकास्ट और अन्य स्ट्रीमिंग मीडिया सामग्री को तत्काल प्रभाव से बंद कर दें, चाहे वे सदस्यता आधारित मॉडल पर ही क्यों न उपलब्ध हों ।मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के तहत

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING
सत्यमेव जयते

आचार संहिता का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी सामग्री को प्रदर्शित करने से पहले विवेक और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा जाना चाहिए। ऐसी सामग्री जो भारत की संप्रभुता और अखंडता को प्रभावित करती हो और जो राज्य की सुरक्षा को खतरे में डालती हो उसे सोशल मीडिया पर दिखाने से बचना चाहिए।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने की भाजपा प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

एजेंसी

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने निर्वाचन सदन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में पार्टी नेताओं के साथ बातचीत की। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में नड्डा के साथ केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह, भाजपा केन्द्रीय अनुशासन समिति के सदस्य सचिव ओम पाठक शामिल थे। यह बातचीत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ की जा रही बातचीत का एक हिस्सा है।

**चुनाव आयोग ने इस मुलाकात की पृष्ठभूमि**

बताते हुए कहा कि यह संवाद लंबे समय से महसूस की जा रही आवश्यकता को पूरा करते हैं, जिससे राष्ट्रीय और राज्य पार्टी अध्यक्ष अपने




सुझाव और चिंताओं को सीधे आयोग के साथ साझा कर सकते हैं। यह पहल सभी हितधारकों के साथ मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार चुनावी प्रक्रिया को और मजबूत बनाने के आयोग के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गई हैं, जिनमें सीईओ द्वारा 40 बैठकें, डीईओ द्वारा 800 बैठकें और ईआरओ द्वारा 3879 बैठकें शामिल हैं। इन बैठकों में विभिन्न राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

## ईरान के विदेश मंत्री ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

एजेंसी

नई दिल्ली। इस्लामिक गणराज्य ईरान के विदेश मंत्री डॉ. अब्बास अराघची ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकवादी हमलों के बाद एकजुटता और करुणा के संदेश के लिए ईरान को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस यात्रा से भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे।

राष्ट्रपति भवन के अनुसार, राष्ट्रपति भवन में डॉ. अराघची का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के विशेष अवसर पर हो रही है। भारत और ईरान के बीच संबंध हजारों साल पुराने हैं। कला और संस्कृति के हर पहलू में, चाहे वह भाषा और साहित्य हो या संगीत और भोजन, हम एक-दूसरे की विरासत की झलक देख सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे द्विपक्षीय संबंध नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की मजबूत नींव पर बने हैं। इन 75



वर्षों में भारत और ईरान के बीच संबंध विविध क्षेत्रों में बढ़े हैं चाहे वह सांस्कृतिक सहयोग हो, व्यापार और ऊर्जा साझेदारी हो या क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों पर रणनीतिक समन्वय हो। दोनों देशों ने न केवल दीर्घकालिक मित्रता बनाए रखी है, बल्कि क्षेत्रीय शांति और समृद्धि के लिए मिलकर काम भी किया है। उन्होंने चाबहार बंदरगाह की पूरी क्षमता का उपयोग करने में दोनों पक्षों के बीच चल रहे सहयोग का स्वागत किया। राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकवादी हमलों के बाद एकजुटता और करुणा के संदेश के लिए ईरान को धन्यवाद भी दिया। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि इस यात्रा से भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे।

# देशभर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा कड़ी, सभी यात्रियों की बोर्डिंग से पहले होगी अतिरिक्त जांच

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की वर्तमान सुरक्षा स्थिति को देखते हुए नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने भारत के सभी हवाई अड्डों और एयरलाइनों को सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश जारी किए हैं। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, अब हर यात्री को उड़ान में सवार होने से पहले सेकेंडरी लैडर पॉइंट चेक (एसएलपीसी) से गुजरना अनिवार्य होगा। यह प्रक्रिया बोर्डिंग गेट पर अंतिम जांच सुनिश्चित करती है ताकि किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके। साथ ही, हवाई अड्डों के टर्मिनल भवनों में विजिटर्स के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एयर मार्शलों की तैनाती भी की जाएगी ताकि किसी भी अप्रत्याशित गतिविधि पर



तुरंत कार्रवाई की जा सके। इस आदेश के बाद देशभर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा से पूर्व अतिरिक्त समय लेकर एयरपोर्ट पहुंचे और आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें। वहीं, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के निर्देश के तहत एयर इंडिया, आकासा एयर समेत कई एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए नई यात्रा सलाह (ट्रैवल एडवाइजरी) जारी की है। एयर इंडिया ने अपने आधिकारिक ट्वीट में कहा, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा देशभर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा उपायों को सख्त करने के आदेश के मद्देनज़र, सभी यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी निर्धारित उड़ान के कम से कम 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचें, ताकि चेक-इन और बोर्डिंग की प्रक्रिया सुगम बनी रहे। उड़ान से 75 मिनट पहले चेक-इन काउंटर बंद कर दिया जाएगा। वहीं, आकासा एयर ने भी एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए कहा, बढ़ी हुई सुरक्षा जांच को ध्यान में रखते हुए, कृपया उड़ान से 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचें। प्रवेश के लिए सरकारी मान्यता प्राप्त फोटो पहचान पत्र अपने साथ रखें। चेक-इन बैगेज के अलावा, केवल एक हैंडबैग (अधिकतम 7 किलोग्राम) की अनुमति होगी। सभी यात्रियों को बोर्डिंग से पहले द्वितीय सुरक्षा जांच से गुजरना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, इंडिगो और स्पाइटजेट ने भी यात्रा संबंधी सलाह जारी करते हुए कहा है इन असाधारण समय में यात्रियों से अनुरोध है कि वे सुरक्षा जांच और अन्य औपचारिकताओं के लिए अतिरिक्त समय दें। हम आपकी समझदारी और सहयोग की सराहना करते हैं।

## ब्राजील ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की

एजेंसी

नई दिल्ली। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि ब्राजील के राष्ट्रपति सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ समर्थन और एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति लूला को उनकी संवेदनाओं के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता



दोहराई। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष ब्रिक्स की ब्राजील की सफल अध्यक्षता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

## भारत वैश्विक शांति में विश्वास रखता है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत ने हमेशा वैश्विक शांति, बंधुत्व और कल्याण में विश्वास किया है। उन्होंने हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कौटिल्य के दर्शन को कर्म में उतारा है। कौटिल्य की विचारधारा शासन का एक ग्रंथ है, जो राज्य संचालन, सुरक्षा, और राजा की भूमिका जो विश्वास रखते हैं। शक्ति और शासन के मूलभूत सिद्धांतों पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि शक्ति को उसकी सीमाओं से परिभाषित किया जाता है। लोकतंत्र तब ही पोषित



कहा कि लोकतंत्र तब फलता-फूलता है जब अभिव्यक्ति और संवाद एक-दूसरे के पूरक होते हैं। यही लोकतंत्र को अन्य शासन प्रणालियों से अलग करता है। भारत में लोकतंत्र केवल संविधान के लागू होने या विदेशी शासन से स्वतंत्र होने के बाद शुरू नहीं हुआ। हम हज़ारों वर्षों से लोकतांत्रिक भावना के साथ जीते आ रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने नई दिल्ली में अपने आवास पर इंडिया फाउंडेशन के कौटिल्य फेलोज़ से संवाद करते अब निर्वाचित प्रतिनिधि होते हैं हर पहलू को समाहित करता है। उन्होंने कहा कि आज के बहुध्रुवीय विश्व में, जहां गठबंधन लगातार बदलते रहते हैं, कौटिल्य ने पहले ही यह कल्पना की थी। उन्होंने कौटिल्य को उद्धृत करते हुए कहा- 'पड़ोसी राज्य शत्रु होता है और शत्रु का शत्रु मित्र होता है।' कौन-सा देश इस बात को भारत से बेहतर जानता है? हम सदैव वैश्विक शांति, वैश्विक बंधुत्व और वैश्विक कल्याण में होता है जब हम शक्ति की सीमाओं को समझते हैं। यदि आप कौटिल्य की दर्शन में गहराई से जाएं तो पाएंगे कि यह सब अंततः जनकल्याण पर केंद्रित होता है, यही सुशासन का अमृत है। धनखड़ ने कहा, कौटिल्य ने कहा, राजा की प्रसन्नता उसकी प्रजा की प्रसन्नता में है। यदि आप किसी भी लोकतांत्रिक देश का संविधान देखें, तो पाएंगे कि यही दर्शन लोकतांत्रिक शासन और मूल्यों की आत्मा है।

## विदेश मंत्री की विश्व नेताओं से बातचीत की, कहा- आतंकवाद पर समझौता नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनावपूर्ण हालात के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज सक्रिय रूप से विश्व नेताओं के साथ संपर्क में हैं। भारत ने दोहराया है कि वह अपने कदमों में संयम बरत रहा है, लेकिन किसी भी प्रकार की उकसावे की कार्रवाई का कड़ा जवाब दिया जाएगा।यूरोपीय संघ की विदेश और सुरक्षा नीति प्रमुख काजा कैलास के साथ बातचीत में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, भारत ने अब तक संयमित और जिम्मेदार रुख अपनाया है। हालांकि, किसी भी तरह की वृद्धि का कड़ा जवाब मिलेगा। कैलास ने 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि 'आतंकवाद का कोई औचित्य नहीं हो सकता' और यूरोपीय संघ स्थिति को सामान्य करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करेगा।

इसके अलावा, जयशंकर ने इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी से भी बातचीत की। उन्होंने अपने समकक्ष



से कहा कि भारत का जवाब आतंकवाद के खिलाफ लक्षित और मापा हुआ था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि हालात बिगड़ते हैं, तो भारत की प्रतिक्रिया और भी सख्त होगी।

## सेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री को पाकिस्तानी मिसाइलें मार गिराने की जानकारी दी

एजेंसी

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करके उन्हें देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर पाकिस्तान के मिसाइल हमले को विफल करने की जानकारी दी। पीएम मोदी को बताया गया कि रूस से मिली शक्तिशाली एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली का पहली बार उपयोग करके भारत पर हमला करने की कोशिश करने वाली पाकिस्तानी मिसाइलों को मार गिराया गया भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मुलाकात की। पीएम मोदी और सेना प्रमुख की यह महत्वपूर्ण बैठक भारतीय रक्षा मंत्रालय की ओर से यह घोषणा किए जाने के कुछ घंटों बाद हुई है कि उसने देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर पाकिस्तान के मिसाइल हमले को विफल कर दिया है। सेना प्रमुख बैठक के लिए पीएम के आवास पर पहुंचे। उन्हें बताया गया कि 7-8 मई की रात पाकिस्तान ने उत्तरी और पश्चिमी भारत में स्थित कई सैन्य ठिकानों जैसे अवंतीपोरा,



श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री को जानकारी दी गई कि भारत ने मानवरहित विमान प्रणाली ग्रिड (यूएएस ग्रिड) और वायु रक्षा प्रणाली का उपयोग करके? भारत के कई शहरों पर हमला करने के प्रयास को विफल कर दिया। इन हमलों का मलबा कई स्थानों से बरामद हुआ, जो पाकिस्तानी हमलों का प्रमाण है। भारत ने शक्तिशाली एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली का उपयोग करके भारत पर हमला करने की कोशिश करने वाली पाकिस्तानी मिसाइलों को मार गिराया। आज सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारत की प्रतिक्रिया भी पाकिस्तान की ही तरह उसी तीव्रता से रही है। इस दौरान लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम को निष्क्रिय कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने आज ही एक बयान में कहा है कि पाकिस्तान ने एलओसी के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी कैलिबर आर्टिलरी का उपयोग करते हुए नियंत्रण रेखा पर अपनी अकारण गोलीबारी की तीव्रता बढ़ा दी है। पाकिस्तानी गोलीबारी के कारण 16 निर्दोष लोगों की जान चली गई है, जिनमें 3 महिलाएं और 5 बच्चे शामिल हैं।

# दिल्ली की ऐतिहासिक इमारतों की बढ़ाई गई सुरक्षा, लाल किला और कुतुब मीनार के बाहर अतिरिक्त बलों की तैनाती

एजेंसी

नई दिल्ली । भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद देश भर में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की ऐतिहासिक इमारतों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस ने बढ़ाई है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने लाल किला और कुतुब मीनार के पास सुरक्षा में इजाफा करते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है। पुलिस के मुताबिक, एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है, और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, आमतौर पर ऐतिहासिक इमारतों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहती है, लेकिन बॉर्डर पर तनाव देखते हुए दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में भी सुरक्षा को और बढ़ाया गया है। बता दें कि दिल्ली की ऐतिहासिक इमारतों को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं और इसी के चलते दिल्ली पुलिस की तरफ से एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है।

भारतीय सेना के अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने 8 और 9 मई की मध्यरात्रि को पूरे पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों का उपयोग करके कई हमले किए। पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्ष विराम उल्लंघन (सीएफवी) का भी सहारा लिया। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि ड्रोन हमलों को प्रभावी ढंग से खदेड़ दिया गया और सीएफवी को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय सेना ने कहा कि सभी नापाक इरादों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा। भारत ने गुरुवार रात को जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य स्थानों पर सैन्य स्टेशनों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम कर दिया। नई दिल्ली की जवाबी कार्रवाई में न केवल ड्रोन और मिसाइलें नष्ट हुईं, बल्कि इस्लामाबाद के एयरबॉर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम विमान को भी मार गिराया गया, जो पाकिस्तान की हवाई निगरानी और युद्धक्षेत्र समन्वय क्षमताओं के लिए एक बड़ा झटका है।

संपादक की कलम से

# युद्ध जैसे हालात में सरकार से अपेक्षा

मंगलवार की आधी रात को पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर स्थित जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तान की तरफ से भयंकर गोली बारी शुरू की गई, जिसमें कम से कम 16 लोगों के मारे जाने की खबर है, साथ ही लांस नायक दिनेश कुमार शहीद भी हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक पाकिस्तान ने इसके अलावा भारत के अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि पाकिस्तान के इन हमलों को एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम ने बेअसर कर दिया। भारत के रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पाकिस्तानी ड्रोनों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं जो इस बात को साबित करते हैं कि पाकिस्तान ने हमला किया था।

जाहिर है हमारी सेना और मजबूत रक्षा तंत्र ने इस तरह देश की रखवाली की कि व्यापक तौर पर नागरिकों को पाकिस्तान की तरफ से हुए हमलों का पता ही नहीं चला। इस साहसिक कृत्य के लिए सेना की जितनी सराहना की जाए, कम है। इस समय सारा देश यही कर भी रहा है। गुरुवार को जब सरकार ने सभी दलों की बैठक फिर से बुलाई, तब भी तमाम दलों ने एकजुटता का भरोसा सरकार को दिलाया।

युद्ध के मुहाने पर खड़े इस कठिन दौर से गुजरते हुए भारत का हर विपक्षी दल और नागरिक अपने परस्पर विरोधों को भुलाकर सरकार और सेना के साथ खड़ा है लेकिन यह बेहद दुखद और आश्चर्यजनक बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो देश का नेतृत्व करते हैं, इस विषय पर गुरुवार को दिल्ली में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पुनः अनुपस्थित रहे। 'पुनः' शब्द का इस्तेमाल इसलिये किया जा रहा है क्योंकि पहलगाम हमले के बाद 24 अप्रैल को बुलाई गई ऐसी ही बैठक में मोदी नहीं आये थे। हालांकि उन्होंने आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर से भी पकड़ लाने का वादा देश से किया था। सेना ने संयुक्त ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में दहशतगर्दों द्वारा चलाये जा रहे आतंकी कैंपों को उड़ा दिया। लेकिन इस दौरान सरकार को कम से कम सीमावर्ती इलाकों से नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने का इंतजाम कर लेना चाहिए था। अगर ऐसा होता तो शायद पुंछ में जो नुकसान हुआ, वह न होता। पुंछ इलाके में मारे गये नागरिक ज्यादातर किसान हैं। एक तरह से देखें तो ये सर्जिकल स्ट्राइक हो या सीमा के आर-पार की बम वर्षा के कारण लगभग युद्ध की स्थिति है।

ऐसे में सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री का न आना यह बतलाता है कि वे लोगों से मिल रहे जनसमर्थन के कारण विपक्ष ही नहीं, नागरिकों व यहां तक कि संसद को भी काफी हल्के में ले रहे हैं। याद हो कि 22 अप्रैल को हुए बैसरन कांड के वक्त मोदी सऊदी अरब के दौरे पर थे जिसे छोड़कर वे भारत लौटे थे। इससे यह महसूस किया गया था कि वे स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए लौटे हैं। इसके विपरीत उन्होंने न तो राष्ट्र के नाम संदेश दिया और न ही कोई ऐसा बड़ा कदम उठाया जिससे महसूस हो कि वे किसी बड़े फैसले को लेने या उसे क्रियान्वित करने के लिये उद्धत हैं। वे बिहार चले गये जहां उन्होंने वहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ एक रैली की। यहां इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने हैं। मंच पर उनकी और नीतीश बाबू के बीच होती हंसी-ठिठौली की तस्वीरें व वीडियो लोगों को चकित करते रहे। उन्होंने सर्वदलीय बैठक में हिस्सा नहीं लिया और न ही सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया जिसकी सम्पूर्ण विपक्ष मांग कर रहा था। जनता को भी इसकी अपेक्षा थी।

मोदी वही कहानी दोहराते नजर आ रहे हैं- न तो सर्वदलीय बैठक में जाना, न राष्ट्र के नाम संदेश प्रसारित करना और न ही संसद का विशेष अधिवेशन बुलाने की पेशकश को सुनना। गुरुवार की बैठक में शामिल लगभग सभी दलों ने एक बार फिर से इस बात की घोषणा की कि वे पूरी तरह से सरकार के साथ हैं और वह जो भी कदम उठाये, वे उसका समर्थन करते हैं। सेना से जुड़ी गोपनीय बातों का जिक्र नहीं करना है, इसलिए बैठक से बाहर आकर किसी नेता ने कोई ऐसा बयान नहीं दिया, जिससे असुविधा हो। अलबत्ता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नहीं आए, हालांकि हम अभी इस बात के लिए उनकी आलोचना नहीं करेंगे, क्योंकि यह वक्त आलोचना का नहीं है। वहीं राहुल गांधी ने जरूर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग उठाई, ताकि दुनिया के सामने अच्छा संदेश जाए। पहले भी विपक्ष इस आशय की मांग कर चुका है।

बैसरन घाटी की घटना के बाद जब राहुल पहलगाम गये थे, उन्होंने साफ किया था कि वे किसी तरह की खामी या चूक की बात इस समय नहीं करेंगे। वे बाद में कई प्रभावित परिवारों से भी मिले थे, तब भी उन्होंने किसी भी प्रकार से सरकार की आलोचना नहीं की थी। ऐसे में जब विपक्ष बेहद जिम्मेदारी व संजीदगी के साथ सरकार को साथ दे रहा है, तब मोदी द्वारा सर्वदलीय बैठक में, वह भी दूसरी बार न आना दुखद ही कहा जायेगा। बेशक, बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्थिति की जानकारी दी।

## मुंह में बार-बार छाले निकालना किस बीमारी का लक्षण है? कैसे करें बचाव

मुंह में छाले कई कारणों से हो सकते हैं. सामान्य तौर पर मुंह में होने वाले छाले एक से दो सप्ताह में ठीक हो जाते हैं. ये छाले संक्रामकनहीं होते हैं और आपसे दूसरे को नहीं फैल सकते. ये छाले सफेद, लाल, पीले रंग के हो सकते हैं. यदि मुंह में बार-बार छाले हो रहे हैं तो यह गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है. यदि बार-बार मुंह में छाले हो रहे हैं तो इस नजरअंदाज न करें. क्यों होते हैं बार-बार मुंह में छाले और कैसे करें बचाव.

मुंह में होने वाले छाले छोटे घाव होते हैं. जो मसूड़े, होंठ, जीभ और गालों के अंदरूनी हिस्से या तालू पर भी हो सकते हैं. सामान्य तौर पर मुंह में छाले पेट की गड़बड़ी के कारण होते हैं. इसके अलावा वायरल और विटामिन की कमी से भी मुंह में छाले हो सकते हैं. इन छालों में दर्द होता है. मुंह में बार-बार छाले होना कई गंभीर बीमारियों की ओर संकेत करता है. यदि छाले दो सप्ताह में अपने आप ठीक नहीं होते हैं तो यह गंभीर स्थिति हो सकती है. यह माउथ कैंसर की ओर भी इशारा करते हैं.

**इन कारणों से होते हैं मुंह में छाले**

मुंह में छाले होने के प्रमुख कारणों में तनाव, विटामिन बी-12 की कमी, आयरन की कमी और वायरस के कारण होते हैं. मुंह के छाले वायरस, ऑटोइम्यून बीमारियों या पेट संबंधी समस्याओं के कारण भी हो सकते हैं. इन छालों में दर्द होता है. कई बार यह दर्द बहुत तेज होता है, जिसे सहन करना भी मुश्किल होता है. मुंह के छालों के कई प्रकार होते हैं. जिनमें एफ्थस अल्सर, ओरल लाइकेन प्लेनस, ल्यूकोप्लाकिया, एरिथ्रोप्लाकिया, ओरल थ्रश और ओरल कैंसर. अगर आपके मुंह में अल्सर है जो तीन सप्ताह के बाद भी ठीक नहीं हुआ है, तो डॉक्टर को दिखाएं.

**ऐसे करें बचाव**

मुंह को साफ रखें और दिन में दो बार ब्रश करें. पौष्टिक आहार लें, ज्यादा मसालेदार या तला भुना खाने से बचें. आहार में फल, सब्जियां,

# ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है मां

**रमेश सर्राफ धमोरा**



मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों नेमां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस (मदर डे) के रूप में मनाया जाता है। ऐसे में इस साल 11 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा। एना जार्विस नामक अमेरिकन महिला ने अपनी समाजसेविका मां की स्मृति में 1908 में पहली बार मदर्स डे मनाया था। जिन्होंने महिलाओं के लिए काफी कार्य किए थे।

मां को संस्कृत में मातरः कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता है। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया उसे मां कहा गया। और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई।

दुनिया में मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथो में जननी की महिमा का बखान मिलता है। मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने उपर हम सब का वजन उठाती है।

अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नो माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है। देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाये जाने की शुरूवात हुई। ह्यमदर्स डेह्न मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है।

मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वे समझ रहे थे कि सम्मान, श्रद्धा के साथ माताओं का सशक्तिकरण होना चाहिए। जिससे मातृत्व शक्ति के प्रभाव से युद्धों की विभीषिका रुके। तत्पश्चात हर वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैण्ड, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हर साल माताओं के प्रति अपने आदर और सम्मान को व्यक्त करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

हमारे देश में गाय को भी गौमाता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हम अपने पूरे जीवन में किसी और से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। मां बच्चे की पहली गुरु होती है।

भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है तो उसके सर्वप्रथम रंभानें में जो स्वर निकालता है वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा। शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम बछड़े ने ही अपनी मां गाय को रंभाकर मां पुकारा और वहीं से इस शब्द की उत्पत्ति हुई।

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी।

वाल्मीकि रामायण के इस श्लोक में आचार्य वाल्मीकि कहते हैं कि माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर होता है और उनके चरणों में ही वैकुंठ धाम है।

नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः।

नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रिया।।

यह श्लोक जीवन में माता के महत्व को बताता है। इस श्लोक में कहा गया है माता के समान कोई छाया नहीं है और न ही उनके समान कोई सहारा है। न तो दुनिया में मां के समान कोई रक्षक नहीं और उनके समान कोई प्रिय वस्तु भी नहीं है। महाभारत में एक प्रसंग के दौरान जब यक्ष धर्मराज युधिष्ठर से सवाल पूछते हैं कि भूमि से भारी कौन है। तब युधिष्ठर कहते हैं कि माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं। अर्थात संसार में माता का स्थान सबसे अधिक गौरवपूर्ण है। दुनिया में हर शब्द का अर्थ समझा और समझाया जा सकता है। लेकिन मां शब्द का अर्थ समझना और समझाना दोनों ही लगभग नामुमकिन है। मां शब्द का अर्थ समझाना इसलिए नामुमकिन है क्योंकि मां के प्यार को मां के बलिदान को शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। इसे सिर्फ अनुभव किया जा सकता है। मां के दिल में जितना प्यार अपने बच्चों के लिए होता है। अगर मां के सभी बच्चे कोशिश भी करें तो उसका कुछ अंश भी अदा नहीं कर सकते।

मां शब्द की उत्पत्ति और अर्थ के बारे में कई मत हैं। विभिन्न शैलियों ने मां शब्द की व्याख्या की है। ये एक अक्षर वाला मां संबोधन पूरे ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द माना जाता है। मां सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावना है। इसका वर्णन शब्दों मे करना नामुमकिन है। मां वो है जो न सिर्फ हमे जन्म देती है बल्कि हमे जीना भी सिखाती है। मां शब्द का अर्थ है निस्वार्थ प्यार और बलिदान। मां भगवान् का जीता जागता स्वरूप है। मां खुले दिल से अपने बच्चो का भरपूर ख्याल रखती है। मां वो होती है जो खुद भूखी सो जाए पर अपने बच्चो को भूखा रहने नहीं देती। उसे खुद कितनी भी तकलीफ हो वो जताती नहीं और ऐसे मे भी सिर्फ अपने बच्चो की ही सलामती की दुआ करती है। मां की ममता समुद्र से भी गहरी है।

## भारत पहले सिंधु नदी के जल पर देश के वास्तविक नियंत्रण की तैयारी करे

**- अंजन रॉय**

ऐसी कोई भी सुविचारित योजना बहुत बड़ा अंतर ला सकती थी। सिर्फ पाकिस्तान को दंडित करने के लिए नहीं, क्योंकि यह इस रणनीतिक सोच का केवल एक छोटा सा हिस्सा हो सकता है। ये पानी उत्तरी भागों में कृषि और खेती की गतिविधियों के साथ-साथ घरों में अच्छे पेयजल की आपूर्ति के लिए भी बहुत बड़ा अंतर ला सकते थे।

पानी में आसानी से आग लग सकती है। जब सिंधु नदी के जल की बात आती है, तो हम देख रहे हैं कि यह कितना ज्वलनशील हो सकता है - कम से कम अभी के लिए, मौखिक रूप से ही सही, विशेषकर भारत द्वारा सिंधु जलसंधि को निलंबित करने के बाद।

यह एक व्यापक सशस्त्र संघर्ष का केंद्र भी बन सकता है। लेकिन इसके साथ ही कुछ गंभीर विचार भी हैं। एक व्यापक या लंबे समय तक चलने वाले युद्ध से बचना भारत के हित में है, क्योंकि इससे भारत की आर्थिक वृद्धि पटरी से उतर सकती है। युद्ध से उच्च राजकोषीय घाटा, या आर्थिक नीति की बाध्यताओं से ध्यान भटकाना, विकास प्रक्रिया को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है।भारत के लिए पाकिस्तान को दंडित करने का सबसे अच्छा तरीका यह होगा कि वह देश को आर्थिक रूप से भूखा रखे और उसके अंतिम आर्थिक दिवालियापन की ओर बढ़ाये, ताकि नागरिक जीवन पर सेना की पकड़ ढीली हो जाये। सिंधु जल संधि की बात करें तो जल संधि को स्थगित रखना अच्छी बात थी, लेकिन वास्तव में इसे लागू करना मुश्किल हो सकता है। और यहीं कहानी की असली कहानी है। अब ऐसी खबरें हैं कि भारत बगलिहार बांध का उपयोग करके चिनाब नदी के प्रवाह को रोकने का प्रस्ताव रखता है। चिनाब एक पश्चिमी नदी है और संधि के तहत भारत केवल कुछ सीमित तरीकों से इसका उपयोग कर सकता है। यह एक रन-ऑफ-द-रिवर परियोजना है, जिसका अर्थ है कि केवल सीमित उपयोग। बगलिहार में 900 मेगावाट क्षमता का पनबिजली स्टेशन है। लेकिन इसकी भंडारण क्षमता सीमित है। ट्रे को अलग रखना और इसके पानी को मोड़ना वास्तव में पाकिस्तान की नस को काटना हो सकता है। देश अपने अस्तित्व के लिए इन पानी के उपयोग पर पूरी तरह से निर्भर है। लेकिन यह निर्णय आतंकवादी राज्य को तभी नुकसान पहुंचा सकता है जब पाकिस्तान में पानी का प्रवाह वास्तव में रुक जाये। इसका मतलब है कि भारत के पास इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वास्तविक बुनियादी ढांचा और साधन होने चाहिए।

सिंधु जल प्रणाली की पश्चिमी नदियां, साथ ही भारत से होकर बहने वाली पूर्वी नदियां, गर्मियों के महीनों में भारी मात्रा में पानी प्राप्त करती हैं, जब ग्लेशियर और हिमालय के ऊपरी हिस्से पर अधिक तापमान होने लगता है। हिमालय की पिघलती बर्फ नदियों में लाखों क्यूसेक पानी छोड़ती है। भौगोलिक रूप से हिमालय को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा शीतल जल भंडार माना जाता है, अन्य दो हैं दोनों ध्रुवीय क्षेत्र, उत्तरी ध्रुव और अंटार्कटिका। सर्दियों के महीनों में गिरने वाली और जमने वाली बर्फ, उपमहाद्वीप में इन गर्म महीनों में पिघलने लगती है।

सिंधु जल प्रणाली में छह नदियां हैं, पूर्वी नदियां, ब्यास, सतलुज और रावी ये भारत की ओर जाती हैं। सिंधु, झेलम और चिनाब पाकिस्तान के हिस्से में आती हैं। पश्चिमी नदियों को पिघलते हिमालय से भारी मात्रा में पानी मिलता है।

# हिंद की सेना का जवाब कि, 'हां तुम एक विफल राष्ट्र हो!'

**- वर्षा भम्भाणी मिर्जा**



पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया था।पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है क्योंकि इसका जन्म ही नफरत की बुनियाद पर हुआ है। अंग्रेजों से आजाद होते ही भारत का बंटवारा हुआ और मानवता ने जिस वीभत्स मंजर को देखा, उसकी मिसाल कम मिलती हैं। कई कलाकार, लेखक और पॉलिटिशियन मजहब के आधार पर बंटे पाकिस्तान में चले तो गए लेकिन उम्र भर सिर्फ हिंदुस्तान को ही याद करते रहे, अपने दोस्तों से मिलने के लिए तड़पते रहे जैसे उन्हें यह अहसास हो गया था कि गलती हो चुकी है और समय का पहिया अब पीछे नहीं खींचा जा सकता। जो लिख सकते थे, उनके शब्दों में यह दर्द बयां हुआ और बाकी अपने दिलों में इस टीस के साथ जिंदा रहे। मशहूर और बेहतरीन कहानीकार सआदत अली हसन 'मंटो'(दो दिन बाद उनकी सालगिरह है) उन्हीं में से एक थे। उन्होंने विभाजन के समय हुए दंगों की त्रासदी को भीतर तक उतारा और फिर पन्नों पर। 'टोबा टेकसिंह' और 'खोल दो' उनकी ऐसी ही महान रचनाएं हैं। मंटो दोस्तों को अक्सर लिखा करते थे कि, च्यार मुझे वापस बुला लो!ज् उन्होंने खुदकुशी की कोशिश भी की थी।वे बहुत कम (43 साल) जी पाए। जैसे चिंता और जीवन का कोई गहरा रिश्ता हो। यूं तो मंटो के बारे में कहने को इतना कुछ है कि मंटो पढ़ाई-लिखाई में कुछ खास नहीं थे, कि मंटो कॉलेज में उर्दू में ही फेल हो गए थे, कि शायर फैज अहमद फर्ज मंटो से केवल एक साल बड़े थे, कि उन्हें भी चेखोव की तरह टीबी था, कि वे बेहद निडर थे, कि उनकी कई कहानियों पर अश्लीलता के मुकदमे चले और उनकी कहानियां तो बस इंसान को चीर के ही रख देती हैं। विभाजन से पहले के बॉम्बे में उनके किस्से-कहानियां फिल्म इंडस्ट्री की जान हुआ करते थे। बेशक मंटो का फिर पैदा होना मुश्किल है लेकिन अफसोस यह भी कि एक बेहतरीन कथाकार नफरत की भेंट चढ़ गया और असमय मौत की नींद सो गया।

ऐसे ही एक शायर रईस अमरोही थे जो जॉन एलिया के बड़े भाई थे। वे भी बंटवारे को बर्दाश्त नहीं कर पाए। उनका परिवार उत्तर प्रदेश के अमरोहा का था जो 1947 में पाकिस्तान चला गया। उनकी मेटाफिजिक्स, ध्यान और योग पर कई किताबें प्रकाशित हुईं। उनका भी दिल केवल भारत के लिए धड़कता रहा। वे लिखते हैं-

हिन्द की बहारों, तुम को सलाम पहुंचे
बिछड़े हुए नजारों, तुम को सलाम पहुंचे
भारत के चांद तारों, तुम को सलाम पहुंचे
बरसों के बाद यारों तुम को सलाम पहुंचे
ये नामा-ए -मोहब्बत यारों के नाम ले जा
ओ हिंद जाने वाले मेरा सलाम ले जा।

उनकी ऐसी कई नज्मों का जिक्र और प्रकाशन विदेश सेवा के अधिकारी और सांसद रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब 'पाकिस्तान पेपर्स' में किया है। रईस अमरोही की 1988 में एक कट्टरपंथी समूह ने उनकी लाइब्रेरी में ही हत्या कर दी। कट्टरपंथी केवल किसी धर्म के खिलाफ नहीं होते। वे हर उस व्यक्ति के खिलाफ होते हैं जो उदारता की बात करता है, तरक्की की बात करता है, शांति की बात करता है। वे खुद में एक जिंदा बम होते हैं। ऐसे बीमार जिन्हें ताजा हवा कभी छूकर भी नहीं गुजरी होती। शक और डर में जीने वाले हैवानों का कुनबा जो निदोर्षों का खून बहाना जानता है। वे ही 22 अप्रैल को पहलगाम आए थे और कई स्त्रियों के सिंदूर उजाड़ गए। खुद मोहम्मद अली जिन्ना, जिन्हें पाकिस्तान का जनक और कायदे आजम बताया जाता है, वे भी अपनी जिन्दगी में ही अनुभूत कर चुके थे कि पाकिस्तान का बनाना उनकी गलती थी। वे पाकिस्तान बनने के बाद केवल एक साल जिंदा रहे। मजहब के आधार पर एक देश बनाने वाले ने कहा था- 'पाकिस्तान कोई ईश्वर शासित राज्य नहीं होगा जहां पीर-पुज्जे किसी खास मकसद से राज करेंगे। देश में कई गैर मुस्लिम भी हैं जिन्हें समान अधिकार होंगे और वे मिलकर पाकिस्तान की तरक्की में शामिल होंगे।' अफसोस ऐसा हो न सका क्योंकि बुनियाद ऐसी नहीं थी।

पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया था। इस बार वे खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान सैन्य अकादमी में कैडेट की 'पासिंग आउट परेड' को संबोधित कर रहे थे। मुनीर ने कहा- "द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस बुनियादी मान्यता पर आधारित था कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग मुल्क हैं, एक नहीं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं- धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा और सोच में हिंदुओं से अलग हैं।" तब सवाल यही है कि बांग्लादेश क्यों पाकिस्तान से अलग हुआ? पाक सेना के प्रमुख यहां बुरी तरह फेल हुए हैं और फेल हुआ है उनका मजहब के आधार पर दो राष्ट्र बनाने का सिद्धांत। अगर जो भारत के सियासी दल धर्म को सियासत में शामिल करते रहे तब पाकिस्तान जरूर बांग्लादेश से सांठगांठ कर बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। साफ है कि एक विफल राष्ट्र का सेनाध्यक्ष कैसे अपनी सोच को सही बताने के इरादे से कुतर्क का सहारा लेने लगता है।

## पाकिस्तान के तीन बंदरगाहों कराची, कासिम, ग्वादर में हाई अलर्ट

**कराची।** पड़ोसी भारत के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के कारण पाकिस्तान ने मुल्क के तीन प्रमुख बंदरगाहों कराची, कासिम और ग्वादर में हाई अलर्ट जारी किया है। साथ ही यहां मछली पकड़ने पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। द नेशन अखबार की खबर के अनुसार,



एहतियात के तौर पर समुद्र में मौजूद सभी मछली पकड़ने वाली नावों और ट्रॉलरों को वापस बुला लिया गया। हाई अलर्ट हटाए जाने तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लागू रहेगा। अधिकारियों ने मछुआरों से समुद्र में जाने से परहेज करने का आग्रह किया है। अधिकारियों ने कहा कि सभी प्रमुख बंदरगाहों पर सुरक्षा को कड़ा कर दिया गया है।

## श्रीलंका वायु सेना के हेलीकॉप्टर दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंकाई वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर के शुक्रवार सुबह देश के उत्तर मध्य प्रांत में मादुरू ओया जलाशय में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से छह सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। यह जानकारी वायुसेना के एक प्रवक्ता ने दी। वायुसेना के प्रवक्ता एरंडा गीगनेज ने बताया कि दुर्घटना के समय हेलीकॉप्टर में दो पायलटों समेत 12 लोग सवार थे और उनमें से छह की मौत हो गई। घायलों को क्षेत्रीय



अस्पतालों में भेजा गया। उन्होंने बताया कि अन्य छह अभी भी अस्पताल में हैं।इससे पहले गीगनेज ने बताया था कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी 12 लोग सुरक्षित हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। यह घटना श्रीलंका वायुसेना के पासिंग-आउट समारोह के दौरान आयोजित एक प्रदर्शन के दौरान हुई।

## तरनतारन में पांच किलो हेरोइन, सात पिस्तौल सहित दो लोग गिरफ्तार

**तरनतारन।** पंजाब में तरनतारन पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय नार्को-आतंकवादी तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में हथियारों और हेरोइन के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में पुलिस ने दो अपराधियों लवप्रीत सिंह और जगरूप सिंह को सात अत्याधुनिक पिस्तौल (.30 बोर) के साथ जिंदा कारतूस, पांच किलोग्राम हेरोइन,



7.20 लाख रुपए ड्रग मनी और एक करेंसी काउंटिंग मशीन के साथ गिरफ्तार किया गया है। डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों और विदेशी संचालकों के सीधे संपर्क में थे। इस संबंध में पुलिस थाना सिटी तरनतारन में प्राथमिकी दर्ज की गई।

## गाजा में इजरायली हमलों में 21 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में कम से कम 21 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि उत्तरी गाजा के बेत लाहिया शहर में एक आवासीय घर पर इजरायली लड़ाकू विमानों के हमले में बच्चों और महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि गाजा शहर के पश्चिम में अल-शती शरणार्थी शिविर के बाहरी इलाके में एक फिलिस्तीनी सभा पर इजरायली हवाई हमले में तीन युवक मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर, डेर अल-बलाह शहर और मध्य गाजा के नुसेरात शरणार्थी शिविर तथा गाजा शहर के पूर्व में शुजाइया पड़ोस में घरों, एक स्कूल और विस्थापित व्यक्तियों के आवास वाले टेंटों को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमलों और गोलाबारी में एक लड़की और एक महिला सहित नौ लोग मारे गए।इजरायली सेना ने इन घटनाओं पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इजरायल ने हमास के साथ जनवरी में हुए युद्धविराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति के बाद दो मार्च को गाजा में माल और आपूर्ति के प्रवेश को रोक दिया था एवं 18 मार्च को गाजा पर हमले फिर से शुरू किए। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 2,651 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 7,223 घायल हुए हैं।

# भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव पर नेपाल की संसद में विशेष चर्चा की मांग

एजेंसी

**काठमांडू।** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात और बढ़ते तनाव का असर नेपाल पर भी होने की बात कहते हुए कई दलों के सांसदों ने इस पर संसद में विशेष चर्चा कराने की मांग की है। प्रतिनिधि सभा में कई सांसदों ने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के कारण नेपाल पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने की बात कहते हुए संसद में इस पर चर्चा की मांग की। सदन में विशेष समय लेकर बोलते हुए राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के सांसद शिशिर खनाल ने कहा कि जिस तरह भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बन रहे हैं, उसका असर नेपाल की आपूर्ति व्यवस्था पर पड़ सकता है। इसके लिए सरकार को अपनी तरफ



से पूरी तैयारी करनी चाहिए। इस हालात में संसद में विशेष चर्चा कराने की आवश्यकता है। इसी तरह एकीकृत समाजवादी के सांसद शेरबहादुर कुंअर ने कहा कि भारत में युद्ध जैसे हालात होने पर ईंधन सहित खाद्य पदार्थों की आपूर्ति पर असर पड़ सकता है इसलिए सरकार को समय रहते इसके लिए खुद भी तैयार रहने और जातकों भी तैयार करने को आवश्यकता है। संसद कुंअर ने इसे लेकर सरकार की तरफ से की जा रही तैयारियों की जानकारी सदन में देने की मांग की है।

सत्तारूढ़ दल नेपाल कम्युनिष्ट पार्टी (यूएमएल) की सांसद सरस्वती सुब्बा ने कहा कि भारत के साथ खुली सीमा होने और तीन तरफ से भारत के साथ जुड़े होने के कारण भारत-पाकिस्तान युद्ध का सुरक्षा दृष्टिकोण से भी असर पड़ने के कारण इस तरफ हमारा भी ध्यान जाना चाहिए। सुब्बा ने ओली सरकार से संसद में वर्तमान हालात पर विशेष चर्चा की मांग की है।

## पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय कार्रवाई को नेपाली कांग्रेस ने जायज ठहराया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने उम्मीद जताई है कि इजराइल-हमास युद्ध 24 घंटे में रुक सकता है। उसकी भारत-पाकिस्तान के मौजूदा तनाव पर भी नजर है। अमेरिका ने साफ किया है कि चीन पर टैरिफ वापस नहीं होगा। इस बीच ब्रिटेन से बड़ा व्यापार समझौता संभव है। न्यूज के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों के सवालों पर इन मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। ट्रंप ने कहा कि वह चीन पर टैरिफ वापस लेने के लिए तैयार नहीं हैं। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि इजराइल और हमास के लिए नए युद्धविराम और बंधक सौदे के प्रस्ताव की अच्छी खबर अगले 24 घंटों में आ सकती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच गोलीबारी के बाद होने वाले घटनाक्रमों पर उनकी बारीकी से नजर है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गुरुवार सुबह ब्रिटने के साथ व्यापार समझौते की घोषणा कर सकते हैं। यह दर्जनों व्यापारिक



साझेदारों पर भारी टैरिफ लगाए जाने के बाद पहला समझौता होगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह एक बड़े और अत्यधिक सम्मानित देश के प्रतिनिधियों के साथ एक प्रमुख व्यापार समझौते की घोषणा करेंगे।

## भारतीय आक्रामकता के चलते टकराव अब तय, हालात बेहद गंभीर : पाक रक्षा मंत्री

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि दोनों देशों के बीच संघर्ष अब तय प्रतीत हो रहा है। उन्होंने भारत पर लगातार आक्रामकता जारी रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब हालात नियंत्रण से बाहर निकलते जा रहे हैं।

आसिफ ने कहा, अब मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि टकराव निश्चित है, क्योंकि भारतीय पक्ष की आक्रामकता लगातार जारी है- चाहे वह जमीन पर हो या फिर आज पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में ड्रोन भेजने के रूप में।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भारत ने हाल ही में लगभग 78 विमानों से हमला किया था, जिनमें से पांच को पाकिस्तान की वायुसेना ने मार गिराया। उनका कहना था कि पिछले तीन-चार दिनों से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। रक्षा मंत्री



ने आशंका जताई कि मौजूदा स्थिति जल्द ही एक व्यापक टकराव का रूप ले सकती है। उन्होंने कहा कि स्थिति अब इतनी गंभीर हो गई है कि हमें जवाब देना ही होगा। मैं अब भी यह नहीं कहूंगा कि टकराव 100 फीसदी तय है, लेकिन इसकी संभावना अब बहुत स्पष्ट है।

## पाकिस्तान खुद आतंकवाद में लिप्त, दुनिया उसे रोके : विनय क्वात्रा

एजेंसी

**वाशिंगटन।**अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा है कि पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में 'आतंकवाद के कारखानों' पर भारत की 'सीमित कार्रवाई' के बाद पाकिस्तान की प्रतिक्रिया का तरीका दर्शाता है कि वह न केवल आंतकवाद के साथ दे रहा है बल्कि खुद आतंकवाद में संलिप्त है तथा विश्व समुदाय को उसे सख्ती से रोकना चाहिए। श्री क्वात्रा ने अमेरिकी टीवी समाचार चैनल सीएनएन से भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सीमापार आतंकवादियों के बुनियादी ढांचों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गयी कार्रवाई को 22 अप्रैल के पहलगाम हमले का एक नपातुला और सीमित जवाब बताया और कहा कि उसके बाद भारत जो भी कर रहा है वह पाकिस्तान की हरकतों का जवाब है। उन्होंने कहा कि पहलगाम जैसा जघन्य कृत्य करने वाले को दुनिया में कहीं भी माफ नहीं किया जा सकता।उन्होंने कहा कि दुनिया को भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण परमाणु युद्ध छिड़ने की चिंता करने की बजाय यह चिंता होनी चाहिए कि आतंकवाद और आतंकवादियों को पाकिस्तान का समर्थन जारी है। यही सबसे बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा, ÷दुनिया को पाकिस्तान से साफ तौर पर कहना चाहिए कि पाकिस्तान आतंकवाद का साथ देने का काम बंद करे। उन्होंने कहा, ÷हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहें हैं, आतंकवाद से पीड़ित लोगों को न्याय दिलाना चाहते हैं। हमारी कार्रवाई आतंकवाद की जवाबदेही तय करने के लिए है। यह पूछे जाने पर कि भारत इस कार्रवाई में कहां जा कर संतुष्ट होगा तो उन्होंने कहा, ÷आतंकवादी ठिकानों पर परसों संतुलित नपी तुली कार्रवाई कर हम सोच रहे थे कि हमने उन आतंकवादियों के खिलाफ अपना जो काम सोच रखा था उसे एक तरह से पूरा कर लिया है। हमारी सोच के हिसाब से आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई वहीं खत्म हो चुकी थी बशर्ते पाकिस्तान भी वही सोचता। पाकिस्तान ने बात बढ़ाने का रास्ता चुना तो, हमारी मजबूरी हो गयी कि हम भी उसका माकूल जवाब दें। उन्होंने पहलगाम में पाकिस्तान की शह पर काम करने वाले आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या को वर्तमान तनाव की जड़ और उकसावे की पहली कार्रवाई बताया और कहा कि उस हमले में पाकिस्तान समर्थित चार आतंकवादियों ने लोगों के धर्म पूछ कर उनकी पत्नियों और बच्चों के सामने ही बर्बरतापूर्वक सिर में गोली मार कर हत्या कर दी।

## अमेरिका की पाकिस्तान को नसीहत, आतंकवादियों की मदद तत्काल बंद करे, रुबियो ने की शहबाज से बात

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आज कुछ देर पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और भारत के विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर से बातचीत की है। उन्होंने दोनों देशों से तत्काल तनाव कम करने का आग्रह किया। रुबियो ने शरीफ से कहा कि पाकिस्तान को आतंकवादी समूहों के लिए किसी भी तरह के समर्थन को समाप्त करने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए।

सीएनएन की खबर के अनुसार, अमेरिकी विदेशमंत्री रुबियो ने आज भारतीय विदेशमंत्री जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ से अलग-अलग बात की और दोनों देशों के बीच बढ़ते संकट में तनाव कम करने की आवश्यकता पर जोर




दिया। दोनों कॉल्स के रीडआउट के अनुसार, रुबियो ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत के लिए अमेरिकी समर्थन व्यक्त किया और संचार में सुधार के लिए निरंतर प्रयासों को प्रोत्साहित किया। रीडआउट में कहा गया है कि उन्होंने शरीफ से कहा कि पाकिस्तान आतंकवादी समूहों की मदद करना बंद करे। अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने आज कहा कि तनाव की शुरुआत पाकिस्तान ने की है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले की मात्र प्रतिक्रिया है। सीएनएन के साथ साक्षात्कार में क्वात्रा ने कहा कि पहलगाम नरसंहार का बदला लेने के लिए भारत ने आतंकवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इससे पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। वह इस तनाव को और बढ़ाने की दिशा में अग्रसर है।

## अमेरिका-यूके के बीच व्यापक व्यापार समझौते की ट्रंप ने की घोषणा, कहा- 'यह ऐतिहासिक दिन है'

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूनाइटेड किंगडम (यूके) के साथ एक पूर्ण और व्यापक व्यापार समझौते की घोषणा की है। उन्होंने इसे दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत करने वाला कदम बताया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक पोस्ट में कहा, यूनाइटेड किंगडम के साथ हुआ यह समझौता पूरी तरह से व्यापक है और यह अमेरिका और यूके के रिश्ते को आने वाले वर्षों तक और अधिक मजबूत करेगा। हमारी ऐतिहासिक साझेदारी और विश्वास के कारण, यह हमारे लिए सम्मान की बात है कि यूके पहला देश है जिसके साथ यह घोषणा की गई है। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि आने वाले समय में कई अन्य देशों के साथ भी इसी तरह के समझौते होने जा रहे हैं, जिन


Donald J. Trump
The agreement with the United Kingdom is a full and comprehensive one that will cement the relationship between the United States and the United Kingdom for many years to come. Because of our long time history and allegiance together, it is a great honor to have the United Kingdom as our FIRST announcement. Many other deals, which are in serious stages of negotiation, to follow!

पर गंभीर स्तर की बातचीत चल रही है। ट्रंप ने आगे कहा, यह अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम दोनों के लिए बेहद खास और उत्साहजनक दिन है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर ओवल ऑफिस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की जाएगी।

## वेटिकन ने कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट को चुना नया पोप, इस पद पर पहुंचने वाले पहले अमेरिकी, ट्रंप ने कहा-यह देश के लिए बहुत बड़ा सम्मान

एजेंसी

**वेटिकन सिटी।** वेटिकन ने आज अपना नया पोप कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट को चुन लिया। कैथोलिक प्रमुख के सर्वोच्च पद पर पहुंचने वाले रॉबर्ट प्रीवोस्ट पहले अमेरिकी कार्डिनल हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सबसे बड़ा सम्मान बताया है। दिवंगत पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी के रूप में उनका चुनाव मतदान के जरिये किया गया। उन्हें पोप लियो के नाम से जाना जाएगा। सीएनएन की खबर के अनुसार, सेंट पीटर बेसिलिका की बालकनी से पोप के रूप में अपनी पहली टिप्पणी में उन्होंने शांति का आह्वान किया और दिवंगत पोप फ्रांसिस को जनसमूह के सामने श्रद्धांजलि अर्पित की। संयुक्त राज्य अमेरिका के कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस



प्रीवोस्ट को 267वां पोप चुना गया है। वह जल्द ही दुनिया के 1.4 अरब कैथोलिकों के नए नेता के रूप में सेंट पीटर बेसिलिका की बालकनी में आधिकारिक रूप से कदम रखेंगे। शिकागो के 69 वर्षीय प्रीवोस्ट वैश्विक अनुभव वाले नेता हैं। उन्होंने अपने करियर का अधिकांश समय दक्षिण अमेरिका में एक मिशनरी के रूप में बिताया और पेरू में बिशप के रूप में कार्य किया। उन्होंने हाल ही में बिशप नियुक्तियों के लिए एक शक्तिशाली वेटिकन कार्यालय का नेतृत्व किया। उनसे पोप फ्रांसिस के सुधारों को आगे बढ़ाने की उम्मीद है।133 वोटिंग कार्डिनल थे और उनमें से किसी एक को अगला पोप बनने के लिए दो-तिहाई वोट की आवश्यकता थी। आज दोपहर की शुरुआत में सिस्टिन चैपल के ऊपर सफेद धुआं निकला जो एक नए पोप के चयन का संकेत दे रहा था। वह मतदान में बाजी मार गए। रॉबर्ट प्रीवोस्ट का जन्म 1955 में शिकागो के इलिनोइस में हुआ था। प्रीवोस्ट ने पेंसिल्वेनिया के विलानोवा विश्वविद्यालय से गणित में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और शिकागो के कैथोलिक थियोलॉजिकल यूनियन से धर्मशास्त्र में डिप्लोमा प्राप्त किया। बाद में उन्हें पोंटिफिकल सेंट थॉमस एक्विनास विश्वविद्यालय में कैनन कानून का अध्ययन करने के लिए रोम भेजा गया और जून 1982 में एक पुजारी के रूप में नियुक्त किया गया। यह कहा जाता है कि अमेरिका के अत्यधिक वैश्विक राजनीतिक प्रभाव के कारण कार्डिनल निर्वाचक हमेशा अमेरिका से पोप चुनने से कतराते हैं। उन्होंने इसे गलत साबित कर दिया।

## क्वेटा में पाकिस्तानी सेना पर सिलसिलेवार हमले, फ्रंटियर कोर मुख्यालय समेत कई ठिकाने निशाने पर

एजेंसी

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में रात पाकिस्तानी सेना के खिलाफ संगठित और सिलसिलेवार हमले हुए। स्थानीय सूत्रों और प्रारंभिक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इन हमलों में कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है, जिसमें फ्रंटियर कोर का मुख्यालय, सुरक्षा चेक पोस्ट और हजारा टाउन की सेना पोस्ट शामिल हैं। हथियारबंद हमलावरों ने क्वेटा स्थित फ्रंटियर कोर मुख्यालय मुख्यालय को निशाना बनाया। हमले से पहले कई जोरदार विस्फोट हुए और उसके बाद भीषण गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। सेना ने इलाके को घेर लिया है और जवाबी कार्रवाई की जा रही है। जबकि क्वेटा के कंबरानी रोड स्थित सफर खान चेक पोस्ट पर भी कम से कम दो विस्फोट हुए। हमले की जिम्मेदारी फिलहाल किसी संगठन



ने नहीं ली है, लेकिन यह क्षेत्र पहले भी आतंकी गतिविधियों के लिए संवेदनशील रहा है। वहीं किरानी रोड स्थित हजारा टाउन की सेना पोस्ट पर भी हथियारबंद हमलावरों ने हमला किया। धमाकों और गोलीबारी की आवाजें पूरे इलाके में गूंजती रहीं। स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है। इन हमलों के बाद बलूचिस्तान सरकार ने क्वेटा में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। सेना और अर्धसैनिक बलों को हमलावरों की तलाश में कॉम्बिंग ऑपरेशन के निर्देश दिए गए हैं।

## राजशाही की वापसी के लिए 29 मई से अनिश्चितकालीन आंदोलन की घोषणा

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही की वापसी को लेकर सभी पक्षों ने संयुक्त जन आंदोलन समिति का गठन किया है। इसके तहत नेपाल में गणतंत्र दिवस को 29 मई से राजशाही की वापसी के लिए अनिश्चितकाल आंदोलन किया जाएगा। राजशाही की मांग को लेकर नेपाल में अलग-अलग संघर्ष करने वाले सभी राजनीतिक दल और सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से एक संघर्ष समिति की घोषणा की है।

काठमांडू में पत्रकार सम्मेलन कर राजशाही की वापसी को लेकर 29 मई से लगातार आंदोलन करने की बात कही गई है। पत्रकार सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंगदेन ने कहा कि देश में राजशाही वापसी के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन ठीक उसी दिन से शुरू किया जाएगा, जिस दिन नेपाल में राजशाही को खत्म कर गणतंत्र की घोषणा की गई थी। पत्रकार सम्मेलन में पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं राप्रपा नेपाल के अध्यक्ष कमल थापा ने कहा कि मई 29 के बाद लगातार ही किसी ने किसी रूप में आंदोलन को निरंतर रखा जाएगा और जब तक देश में राजशाही की पुनर्स्थापना के साथ ही नेपाल को हिंदू राष्ट्र घोषित नहीं कर दिया जाता, तब तक यह जारी रहेगा।

# बलूचिस्तान की स्वतंत्रता के दावे से पाकिस्तान में खलबली

एजेंसी

**क्वेटा।** भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बाईस अप्रैल को आतंकवादी हमला करवाकर पाकिस्तान बुरी तरह फंस गया है। इस हमले से दोनों के बीच के सैन्य टकराव पर सारी दुनिया की नजर है। इस बीच पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम में स्थित बलूचिस्तान प्रांत में स्वतंत्रता की गूंज उठने से दहशतगर्द मुल्क के हाथों से तोते उड़ते नजर आ रहे हैं। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा पाकिस्तान का नौवां सबसे बड़ा शहर है। लेखक मीर यार बलोच की आजादी की घोषणा से पाकिस्तान में खलबली मच गई है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान के प्रतिष्ठित लेखक मीर यार बलोच ने एक्स पोस्ट में बलूचिस्तान की आजादी का एलान किया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी पाकिस्तान के पतन के निकट होने के कारण जल्द ही संभावित घोषणा की जानी चाहिए। उन्होंने भारत से अनुरोध किया कि वह बलूचिस्तान के आधिकारिक कार्यालय और दिल्ली में दूतावास की अनुमति दे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से भी अनुरोध किया है कि वह बलूचिस्तान के लोकतांत्रिक गणराज्य की स्वतंत्रता को मान्यता दे और अपना समर्थन देने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों की बैठक बुलाए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को बलूचिस्तान में अपने शांति मिशन



को तुरंत भेजना चाहिए, जिससे पाकिस्तान की कब्जे वाली सेना से बलूचिस्तान के क्षेत्रों, वायु क्षेत्र और समुद्र को खाली करने और सभी हथियार और संपत्ति बलूचिस्तान में छोड़ने के लिए कहे। मीर यार बलोच ने कहा कि अब सेना, फ्रंटियर कोर, पुलिस, सैन्य खुफिया, आईएसआई और नागरिक प्रशासन में सभी गैर-बलूच कर्मियों को तुरंत बलूचिस्तान छोड़ देना चाहिए। साथ ही बलूचिस्तान का नियंत्रण जल्द ही स्वतंत्र बलूचिस्तान राज्य की नई सरकार को सौंप दिया जाए। मीर यार ने कहा कि जल्द ही अंतरिम सरकार की घोषणा होगी।

मंत्रिमंडल में बलूच महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व होगा। बलूचिस्तान की स्वतंत्र सरकार का राजकीय समारोह जल्द ही आयोजित किया जाएगा। मित्र देशों के राष्ट्राध्यक्षों को राष्ट्रीय परेड देखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। हम उनसे आशीर्वाद मांगेंगे। उन्होंने बलूचिस्तान में रहने वाले हिंदू समुदाय को आश्वस्त किया है कि वे निश्चिंत रहें। उन्हें और हिंगलाज माता मंदिर सहित उनके सभी धार्मिक स्थलों को पाकिस्तानी सेना के आतंकवाद और आक्रमण से बचाया जाएगा। बलूचिस्तान, पाकिस्तान की कायर सेना को ऐसा बड़ा सबक सिखाने में सक्षम है, जिसे उसके उसकी सात पीढ़ियां कभी नहीं भूलेंगी। बलूचिस्तान में अब कोई भी पाकिस्तानी किसी हिंदू से कलमा पढ़ने के लिए कहने और उसकी पत्नी और बच्चों के सामने उसकी हत्या करने की हिम्मत नहीं करेगा।

## निशानेबाजी : महाराष्ट्र ने जीता स्वर्ण, बिहार को मिला कांस्य पदक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को 16-12 से हराकर स्वर्ण पदक तथा बिहार की दिव्या-रुद्र की जोड़ी ने कांटे की टक्कर वाले मुकाबले में यूपी की टीम को 16-14 अंक से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। आज डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र की शंभवी श्रवण क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने की जोड़ी ने कर्नाटक की हृदया श्री कोंडूर और नारायण प्रणव वनीथा सुरेश की टीम को 16-12 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक रहा लेकिन महाराष्ट्र की जोड़ी ने बेहतर संयम और सटीकता का परिचय देते हुए मुकाबला जीता। कर्नाटक को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।वहीं बिहार की दिव्या श्री और रुद्र प्रताप सिंह की निशानेबाज जोड़ी ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी के कांस्य पदक मुकाबले में उत्तर प्रदेश की अनन्या और अंश डबास की जोडी को 16-14 के बेहद रोमांचक मुकाबले में हराकर पदक अपने नाम किया। यह जीत न केवल बिहार के खेल इतिहास में एक सुनहरा पन्ना जोड़ती है, बल्कि राज्य के युवा खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को नई उड़ान भी देती है।

## ट्रैक साइक्लिंग में झारखंड और राजस्थान ने जीते स्वर्ण पदक

**नयी दिल्ली।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की ट्रैक साइक्लिंग स्पर्धाओं झारखंड की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं लड़कों के वर्ग में राजस्थान चैंपियन बना। बिहार की लड़कियों ने भी कड़ी टक्कर दी और तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों की श्रेणी में झारखंड ने दो स्वर्ण और एक कांस्य मेडल के साथ कुल 16 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। इस जीत में सबसे अहम योगदान टीम स्प्रिंट स्पर्धा में आए एक स्वर्ण पदक का रहा, जिससे टीम को सीधे 10 अंक प्राप्त हुए। राजस्थान ने तीन स्वर्ण पदक हासिल कर 15 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बिहार ने दो रजत और एक कांस्य के जरिए 10 अंक जुटाकर तीसरी पायदान पर जगह बनाई। तीसरा स्थान प्राप्त करने में अहम योगदान टीम स्प्रिंट में आए एक रजत पदक का रहा। जिससे बिहार टीम को छह अंक प्राप्त हुए थे। वहीं लड़कों के वर्ग में राजस्थान ने अपना दबदबा कायम रखते हुए तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ कुल 19 अंक अर्जित कर पहला स्थान प्राप्त किया। झारखंड ने एक स्वर्ण और दो रजत के साथ 14 अंक जुटाकर दूसरा स्थान हासिल किया। झारखंड की टीम स्प्रिंट में आई जीत निर्णायक रही। जिस वजह से वह महाराष्ट्र को पछाड़ने में सफल रहा। महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण और एक रजत के दम पर 13 अंक के साथ तीसरा स्थान पाया।

## एआईएफएफ ने पूर्व भारतीय मिडफील्डर डीएमके अफजल के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पूर्व भारतीय मिडफील्डर डीएमके अफजल के निधन पर शोक व्यक्त किया डीएमके अफजल को निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी हैं। अपने समय के बेहतरीन मिडफील्डर अफजल इंडोनेशिया के जकार्ता में 1962 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्होंने ने भारत की ओर से दो बार मैच खेले हैं। उन्होंने 1962 एशियाड के ग्रुप चरण में कोरिया गणराज्य के खिलाफ अपना पहला मैच खेला था। अफजल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, डी.एम.के. अफजल अपने समय के बेहतरीन मिडफील्ड थे। मैं इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूँ।



## राडुकानू और नोरी ने इटालियन ओपन के दूसरे दौर में बनाई जगह

**रोम।** ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू और पुरुष वर्ग में हमवतन कैमरन नोरी ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर इटालियन ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं केटी बौल्टर को हार का सामना करना पड़ा। तीन साल के बाद पहली बार टूर्नामेंट में भाग लेने वाली राडुकानू ने बुधवार को खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट के खिलाफ 7-5 6-7 (1-7) 6-3 से जीत दर्ज की। इस बीच ब्रिटेन की 28 वर्षीय केटी बौल्टर रूस की अनास्तासिया पावलुचेनकोवा से 3-6, 3-6 से हार गई। वहीं पुरुष वर्ग में नोरी ने क्रिस्टोफर ओ'कॉनेल को सीधे सेटों में 6-3 6-2 हराकर दूसरा दौर में अपना स्थान पक्का किया। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 76 मिनट के मैच में ओ'कोनेल के खिलाफ सिर्फ पांच गेम गंवाए।

# एलए ओलंपिक 2028: उद्घाटन और समापन समारोह दो ऐतिहासिक स्टेडियमों में होंगे आयोजित

एजेंसी

**लॉस एंजेलिस।** लॉस एंजेलिस मेमोरियल कोलिज़ियम और इंग्लवुड स्थित सोफी स्टेडियम 2028 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के उद्घाटन और समापन समारोहों की मेजबानी करेंगे। एलए28 आयोजकों ने उक्त घोषणा की।

**दो स्टेडियमों में होगा ओलंपिक का उद्घाटन समारोह**

14 जुलाई 2028 को होने वाला ओलंपिक उद्घाटन समारोह पहली बार दो स्थानों - ऐतिहासिक कोलिज़ियम और आधुनिक सोफी स्टेडियम - में साझा रूप से आयोजित होगा। कोलिज़ियम ओलंपिक इतिहास में तीन बार खेलों की मेजबानी करने वाला पहला स्थल बन जाएगा।

**एलए की विरासत और भविष्य का होगा संगम**

एलए28 के चेयरपर्सन और प्रेसिडेंट केसी वासरमैन ने एक बयान में कहा, ये दोनों स्थल लॉस एंजेलिस की खेल विरासत और तकनीकी प्रगति का प्रतीक हैं। दुनियाभर से आने वाले दर्शकों के लिए यह अनुभव अविस्मरणीय होगा।




**समापन समारोह कोलिज़ियम में, पैरालंपिक का विशेष आयोजन**

30 जुलाई को ओलंपिक का समापन समारोह कोलिज़ियम में आयोजित किया जाएगा, जिसे आयोजनकर्ता %अविस्मरणीय उत्सव% बता रहे हैं। 15 अगस्त को पैरालंपिक का उद्घाटन समारोह सोफी स्टेडियम में होगा, जबकि समापन समारोह 27 अगस्त को कोलिज़ियम में सम्पन्न होगा।

**एलए तीसरी बार ओलंपिक और पहली बार करेगा पैरालंपिक की मेजबानी**

लॉस एंजेलिस ने इससे पहले 1932 और 1984 में ओलंपिक की मेजबानी की थी। लेकिन 2028 पहली बार होगा जब यह शहर पैरालंपिक खेलों की भी मेजबानी करेगा। आयोजकों ने कहा, पैरालंपिक समापन समारोह एलए28 खेलों की अंतिम यादगार झलक होगा, जो ओलंपिक और पैरालंपिक आंदोलन को लॉस एंजेलिस से स्थायी रूप से जोड़ देगा।

**लॉन्ग बीच और हॉलीवुड में भी होंगे आयोजन**

एलए28 ने पिछले महीने कुछ अन्य आयोजन स्थलों की भी घोषणा की थी। बीच वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं लॉन्ग बीच के अलामिटोस बीच पर होंगी, जबकि स्क्वैश खेल हॉलीवुड के यूनिवर्सल स्टूडियो में अपनी ओलंपिक शुरुआत करेगा।

## पैरा चैंपियन निरंजन सिंह ने भारत के लिए जीता रजत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एशियन पैरा-आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में 65 किग्रा भारवर्ग (बैठकर खेलने की श्रेणी) में मध्यप्रदेश के ग्वालियर के रहने वाले निरंजन सिंह ने रजत पदक हासिल किया है। यह एक ऐतिहासिक अवसर है, जब पीपल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया राजधानी में प्रतिष्ठित 23वीं एशियन आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप और 22वीं एशियन पैरा-आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी कर रही है। इस प्रतियोगिता में 14 देशों के 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मध्यप्रदेश से ताल्लुक रखने वाले निरंजन ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा के बारे में बात करते हुए कहा, आर्मरेसलिंग में आना आसान नहीं था। मैंने कई खेल खेले हैं, क्रिकेट भी खेला और कुछ अन्य खेलों में भी भाग लिया। इस महीने के अंत में मैं व्हीलचेयर क्रिकेट के नेशनल्स में भी हिस्सा लेने जा रहा हूं, लेकिन आर्मरेसलिंग ने मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित किया है। निरंजन की जिंदगी संघर्षों से भरी रही, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने कहा, मैं दिव्यांग हूं, मेरा जन्म बिना पैरों के हुआ था, इसलिए मेरे हाथ ही मेरी ताकत बन गए।÷ उन्होंने कहा, ÷मैंने ट्रैक्टर चलाया – क्लच, ब्रेक, एक्सेलेरेटर सब हाथों से संभाला। बाद में मैं डिलीवरी ड्राइवर की नौकरी करने लगा और अपने दम पर दुनिया को जाना। उसी दौरान मेरी मुलाकात वर्ल्ड चैंपियन अरविंद राजन से हुई, जिनका मुझ पर विश्वास मेरी जिंदगी का टर्निंग पॉइंट बना। उन्होंने मुझे कोच मनीष कुमार से मिलवाया और वहीं से मेरी नई यात्रा शुरू हुई।उन्होंने आगे कहा, मैंने 2021 में इस खेल की शुरुआत की और 2022 में हैदराबाद में अपने पहले नेशनल्स में भाग लिया -जहां मैंने बाएं हाथ से जीत हासिल की। उस जीत ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ा दिया।

# नीरज चोपड़ा ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025 में लेंगे हिस्सा, दो बार चोट के कारण रह चुके हैं बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा इस साल 24 जून को चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा शहर में होने वाले गोल्डन स्पाइक 2025 एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेंगे। इससे पहले वह 2023 और 2024 के संस्करणों से चोट के चलते हट गए थे, लेकिन इस बार वह तीसरी बार में किस्मत आजमाने उतरेंगे।

**दो बार नहीं खेल पाए, अब कोच के देश में दिखेगा जलवा**

टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा पिछले दो वर्षों में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे, हालांकि वह 2024 में विशेष अतिथि के रूप में वहां मौजूद रहे थे। इस बार यह मुकाबला खास इसलिए भी होगा क्योंकि यह उनके दिग्गज कोच और पूर्व विश्व चैंपियन जान ज़ेलेज़नी के होमग्राउंड पर खेला जाएगा। ज़ेलेज़नी खुद इस टूर्नामेंट के निदेशक भी हैं। नीरज ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं यह घोषणा करते हुए उत्साहित हूं कि मैं इस साल ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक मीट में हिस्सा लूंगा। यह एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता है और इस बार यह और भी खास होगी। मेरे कोच जान ज़ेलेज़नी ने यहां कई बार जीत दर्ज की है और अब वह टूर्नामेंट के निदेशक भी हैं।




**वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड मीट का हिस्सा है गोल्डन स्पाइक**

गोल्डन स्पाइक मीट 1961 से आयोजित हो रहा है और यह वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड लेबल प्रतियोगिता है, जो डायमंड लीग के बाद दुनिया की दूसरी सबसे अहम सिरीज़ मानी जाती है। इस बार नीरज का मुकाबला 2020 ओलंपिक रजत पदक विजेता और चेक गणराज्य के ही याकुब वाडलेच जैसे शीर्ष खिलाड़ियों से होगा।

**इससे पहले दो बड़े मुकाबलों में उतरेंगे नीरज**

गोल्डन स्पाइक से पहले नीरज 16 मई को दोहा डायमंड लीग और 24 मई को बेंगलुरु में होने वाले पहले 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' में नजर आएंगे। उन्होंने दक्षिण कोरिया के गुमी में 27 से 31 मई के बीच होने वाली एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है।

# आईपीएल 2025: पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला में मुकाबला बीच में ही रद्द

एजेंसी

**धर्मशाला।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में धर्मशाला में खेले जा रहे पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मुकाबले को 10.1 ओवर के बाद अचानक रोकना पड़ा। जैसे ही पहली पारी के मध्य में तीन फ्लड लाइट टावर बंद हो गए, खिलाड़ियों को मैदान से बाहर बुला लिया गया। इसके तुरंत बाद स्टेडियम को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू हुई और मुकाबले को रद्द कर दिया गया।

**सुरक्षा कारणों से कराया गया स्टेडियम खाली**

स्टेडियम में सार्वजनिक घोषणा प्रणाली (पीए सिस्टम) से कोई औपचारिक सूचना नहीं दी गई, लेकिन पुलिस और मैदान संचालन टीम ने दर्शकों को धीरे-धीरे बाहर निकलने का अनुरोध किया। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पूरे स्टेडियम को सावधानीपूर्वक खाली कराया गया।

**भारत-पाक सीमा पर तनाव के कारण फैसला**

इस घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ता तनाव बताया जा रहा है। खबरों के अनुसार, जम्मू (धर्मशाला से करीब 200 किलोमीटर दूर) में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन हमला हुआ है, जो भारत की 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में बताया जा रहा है।



**दोनों टीमें होटल के लिए रवाना:**जब यह सब हो रहा था, उस समय तक पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें पहले ही मैदान से बाहर निकल चुकी थीं। दोनों टीमों को उनके होटल रवाना कर दिया गया है और खिलाड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है।

## महिला फुटबॉल वर्ल्ड कप 2027 की मेजबानी करेगा ब्राजील, इन 8 शहरों में होंगे मैच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फीफा ने ऐलान किया है कि 2027 में होने वाला महिला फुटबॉल विश्व कप पहली बार दक्षिण अमेरिका की सरजमीं पर आयोजित होगा और इसकी मेजबानी ब्राजील करेगा। इस टूर्नामेंट के सभी 64 मुकाबले 8 अलग-अलग शहरों के प्रतिष्ठित स्टेडियमों में खेले जाएंगे।

**माराकाना से लेकर रेसिफे तक, इन शहरों में होगी विश्व कप की रौनक:**

इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए जिन आठ स्टेडियमों को चुना गया है, उनमें सबसे प्रमुख है रियो डी जनेरियो का माराकाना स्टेडियम, जो फुटबॉल इतिहास में एक विशेष स्थान रखता है। इसके अलावा मुकाबले इन शहरों में होंगे-

बेलो होरिज़ोंटे - मिनेइराओ स्टेडियम
ब्रासीलिया - नेशनल स्टेडियम
फोर्टालेज़ा - कास्टेलाओ एरिना
पोर्टो एलेग्रे - बेइरा-रियो स्टेडियम
रेसिफे - पर्नामबुको एरिना
साल्वाडोर - फोंटे नोवा एरिना
साओ पाउलो - इताकेइरा एरिना

**'ब्राजील की ऊर्जा और रंगीन संस्कृति को महसूस करेगा विश्व' फीफा:** फीफा अध्यक्ष जियानी इंफेंटिनो ने कहा, 'सांबा से लेकर फ्रेभो तक, खूबसूरत समुद्रतटों से लेकर आधुनिक शहरों तक–दुनिया 2027 में ब्राज़ील की ऊर्जा, रंग और गर्मजोशी को महसूस करेगी।' उन्होंने भरोसा जताया कि यह टूर्नामेंट मेज़बान शहरों के लिए यादगार अनुभव होगा और इसका सकारात्मक असर व्यापक होगा।

**कुल 32 टीमें हिस्सा लेंगी**

फीफा महासचिव मैटियास ग्राफस्ट्रोम ने कहा, 'यह वर्ल्ड कप महिला फुटबॉल के इतिहास में एक ऐतिहासिक मोड़ होगा क्योंकि पहली बार यह टूर्नामेंट दक्षिण अमेरिका में हो रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आयोजन पूरे महाद्वीप की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगा।

# एमपीएल 2025 : नए रंग-रूप और महिला क्रिकेट के साथ 27 मई से इंदौर में होगी भव्य शुरुआत

एजेंसी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) इस बार नए कलेवर में नजर आएगी। आगामी 27 मई से इंदौर के होलकर स्टेडियम में शुरू होने वाले एमपीएल में पहली बार महिला क्रिकेट मुकाबलों का भी आयोजन किया जाएगा। ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट का उद्देश्य राज्यभर की उभरती प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। पुरुष लीग में कुल सात टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें ग्वालियर चीता, भोपाल लेपर्ड्स, जबलपुर रॉयल लायंस, रीवा जैगुआर्स, इंदौर पिंक पैंथर्स, चंबल घड़ियाल्स (नई टीम) और बुंदेलखंड बुल्स (नई टीम) शामिल हैं। इस बार की खास बात यह है कि महिला प्रतियोगिता भी होगी। इसमें तीन टीमें भोपाल वुल्व्स, चंबल घड़ियाल्स और बुंदेलखंड बुल्स शामिल हैं। यह कदम महिला क्रिकेट को राज्य स्तर पर प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। एमपीएल के इस संस्करण को लेकर ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष महानारयमन राव सिंधिया ने कहा, हम एमपीएल के इस नए अध्याय को लेकर बेहद उत्साहित हैं। महिला लीग की शुरुआत न केवल इतिहास में एक नई मिसाल बनेगी, बल्कि युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर भी देगी। वहीं एमपीएल के सीईओ रवि पाटनकर ने कहा, हमारा उद्देश्य खिलाड़ियों को ऐसा मंच देना है, जहां वे अपने हुनर को निखार सकें और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की दिशा में कदम बढ़ा सकें।




# पीसीएल 2025 के बचे हुए मुकाबले यूएई शिफ्ट, भारत-पाक तनाव के बीच लिया गया बड़ा फैसला

एजेंसी

**नई दिल्ली।**पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 10वें संस्करण के बचे हुए आठ मुकाबले अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जाएंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यह अहम फैसला लिया है। पीसीबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा है कि शेष मुकाबलों की तारीख और स्थान की घोषणा जल्द की जाएगी।

**रावलपिंडी मैच रद्द, खिलाड़ियों ने जताई चिंता**

कराची किंग्स और पेशावर ज़ल्मी के बीच रावलपिंडी स्टेडियम में मुकाबला होना था, लेकिन एक ड्रोन के स्टेडियम परिसर में गिरने के बाद आपात बैठक बुलाकर मैच को स्थगित कर दिया गया। इस बैठक में पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नक़वी और लीग में शामिल विदेशी खिलाड़ियों के बीच चर्चा हुई, जिसमें अधिकांश विदेशी खिलाड़ियों ने लीग को यूएई शिफ्ट करने की मांग की।



**यूएई में पीसीएल को दोबारा मिली शरण**

यह पहली बार नहीं है जब पीसीएल को यूएई में कराना पड़ा हो। लीग की शुरुआत 2016 में यूएई से हुई थी और शुरुआती दो सीजन वहीं खेले गए थे।

इसके बाद 2021 में कोविड के कारण भी कुछ मुकाबले यूएई में हुए थे। अब एक बार फिर लीग को सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान से बाहर शिफ्ट किया गया है।

**अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम पर भी पड़ सकता है असर**

पीसीएल के बाद पाकिस्तान को 21 मई को बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी 20 सीरीज़ की मेज़बानी करनी थी। पहला मुकाबला 25 मई को फैसलाबाद में खेला जाना था, लेकिन अब लीग के शेड्यूल में बदलाव होने से इस सीरीज़ पर भी असर पड़ सकता है। पीसीबी ने फिलहाल इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

## आर्सेनल को हराकर पीएसजी ने चैंपियंस लीग के फाइनल में

एजेंसी

**पेरिस ।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के दूसरे चरण में आर्सेनल को 2-1 से मात देकर कुल स्कोर 3-1 के साथ दूसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। खेले गये मुकाबले में आर्सेनल के पास वापसी करने और मैच को पलटने के कई मौके मिले लेकिन पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया। खिताबी मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) और इटैलियन क्लब इंटर मिलान के बीच खेला जायेगा।



## राजस्थान रॉयल्स ने नितीश राणा, संदीप शर्मा की जगह लिए प्रिटोरियस और नांद्रे बर्गर को किया शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने टीम में दो अहम बदलाव किए हैं। नितीश राणा और संदीप शर्मा के चोट के चलते टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद फ्रेंचाइजी ने उनके स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रिटोरियस और नांद्रे बर्गर को टीम में जोड़ा है। राजस्थान रॉयल्स ने चोटिल नितीश राणा की जगह लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को टीम में शामिल किया है। नितीश राणा ने आरआर के लिए इस सीज़न दो प्रभावशाली पारियां खेली थीं। पहली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ गुवाहाटी में 36 गेंदों पर 81 रन और दूसरी दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ दिल्ली में 28 गेंदों पर 51 रन।

आईपीएल के बयान के अनुसार राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने नितीश राणा के स्थान पर लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को टीम में शामिल किया है, जो चोट के कारण टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। 19 वर्षीय प्रिटोरियस एक आक्रामक बाएं हाथ के ओपनर बल्लेबाज और विकेटकीपर हैं। उन्हें राजस्थान ने 30 लाख रुपये में साइन किया है। उन्होंने अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है, लेकिन 2025 एसए20 में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 12 मैचों में 397 रन बनाए थे, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 166.80 रहा था। पार्ल रॉयल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने सनराइजर्स ईस्टर्न केप के



खिलाफ 51 गेंदों में 97 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी।इसके बाद उन्हें इंग्लैंड की हैम्पशायर टीम ने विटैलिटी ब्लास्ट के लिए भी साइन किया। 2024 अंडर-19 वर्ल्ड कप में वे दक्षिण अफ्रीका के टॉप स्कोरर भी रहे थे। तेज गेंदबाज़ संदीप शर्मा ने इस सीजन 10 मैचों में 9 विकेट लिए थे, लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुभमन गिल का शॉट रोकने के प्रयास में उनकी उंगली में चोट लग गई, जिसके कारण उन्हें बाहर होना पड़ा।

# जेसन रॉय की रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी, काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए खेलेंगे

एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जेसन रॉय एक बार फिर रेड-बॉल क्रिकेट में उतरने के लिए तैयार हैं। उन्हें इस हफ्ते वारविकशायर के खिलाफ एजबेस्टन में होने वाले काउंटी चैंपियनशिप मुकाबले के लिए सरे की टीम में शामिल किया गया है।

**चार साल बाद वापसी, पिछली बार 2020 में खेले थे रेड-बॉल मैच:** 34 वर्षीय रॉय ने अब तक 87 रेड-बॉल मैचों में 36.46 की औसत से 9 शतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 143 (लंकाशर के खिलाफ, 2015) है। हालांकि, उन्होंने आखिरी बार 2020 की कोविड प्रभावित गर्मियों में बॉब विलिस ट्रॉफी में हैम्पशायर के खिलाफ यह फॉर्मेट खेला था।

**टेस्ट में नहीं चल पाए थे रॉय**

2019 विश्व कप में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद रॉय को टेस्ट टीम में मौका मिला था। उन्होंने आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट खेले लेकिन आठ पारियों में महज 13.75 की औसत से रन बना सके।

ऑस्ट्रेलियाई पेस अटैक के सामने उनकी तकनीक नाकाम साबित हुई और आखिरकार उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।

**सफेद गेंद प्रारूप में गिरती लोकप्रियता का असर**



रॉय की वापसी उनके टी20 करियर की घटती चमक को भी दर्शाती है। 2023 में भारत में हुए वनडे विश्व कप में उन्हें इंग्लैंड की टीम से बाहर रखा गया था और इस साल के आईपीएल के लिए भी उन्हें नहीं चुना गया। वह 2020, 2022 और 2024 में निजी कारणों से आईपीएल से हट चुके हैं। आखिरी बार उन्होंने मार्च 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे खेला था।

**सरे को बल्लेबाज़ों की कमी, रॉय से उम्मीदें**

सरे टीम को इस मुकाबले में ओली पोप, जेमी स्मिथ और गस एटकिंसन जैसे ईसीबी-कॉन्ट्रैक्टेड खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी झेलनी पड़ेगी, जिन्हें ज़िम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टेस्ट से पहले आराम दिया गया है। ऐसे में जेसन रॉय को मौका मिला है।


**सरे की स्थिति और टीम में कुछ नए चेहरे**

डिवीजन वन तालिका में सरे फिलहाल तीसरे स्थान पर है, जबकि वारविकशायर दूसरे और नॉटिंघमशायर पहले नंबर पर है। पिछली बार सरे ने समरसेट को तीन दिन में हराकर लय हासिल की है। टीम को इस मैच में अपने विदेशी खिलाड़ियों नाथन स्मिथ और कर्टिस पैटरसन से मजबूती से मिली है, साथ ही तेज गेंदबाज़ टॉम लॉज़ भी इस सीज़न पहली बार टीम में लौटे हैं।



# सुरभि दास

## ने लगाई पाकिस्तानी एक्ट्रेसेस की क्लास, लिखा- इसकी देश भक्ति अब जागी है, पहले तो इंडिया...



टीवी एक्ट्रेस सुरभि दास ने पाकिस्तानी एक्ट्रेसेस की क्लास लगाई है। दरअसल, पाकिस्तानी एक्ट्रेसेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर 'ऑपरेशन सिंदूर' की आलोचना की थी। यूं तो उनके अकाउंट्स पर इंडिया में बैन लगा हुआ है, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए उनके पोस्ट सुरभि तक पहुंच गए। ऐसे में उन्होंने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है।सजल अली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की निंदा की तो सुरभि भड़क गई। एक्ट्रेस ने लिखा, ये लोग क्या बकवास कर रहे हैं भाई ? अब इनको याद आया कि मासूमों को नहीं मारना चाहिए। अरे भाई हमारे 26 लोगों को क्यों मारा फिर ?? वो लोग अपने परिवार के साथ समय बिताने कश्मीर गए थे। उनका क्या कसूर था ? अब बहुत बुरा लग रहा है इनको तब क्यों कुछ नहीं बोला किसी ने ?

सुरभि ने माहिर खान को खरीखोटी सुनाई। एक्ट्रेस ने लिखा, आधे टाइम तो ये इंडिया में ही रहती थी ताकि काम मिल जाए। अब अचानक से इसकी देश भक्ति जाग गई। शर्म आनी चाहिए। इंडिया में काम मांग रही थी। कहती थी, हम मर जाएंगे, लेकिन पाकिस्तानी फिल्म में काम नहीं करेंगे। बहन हम वहां क्रिकेट तक नहीं खेलते और तुम मुंह उठाकर यहां चली आती हो काम मांगने। शर्म आनी चाहिए क्योंकि तुम न घर की हो और न घाट की।हानिया आमिर के पोस्ट का जवाब देते हुए सुरभि ने लिखा, तुम तो बहन बोलो ही मत, वो जो बॉलीवुड गाने लगा लगाकर इंडियन ऑडियंस की भीख मांगती हो शर्म नहीं आती ?? हर दो दिन में तुम्हारा इंडियन ऑडियंस के लिए पोस्ट आता है। इंडियन फिल्मों में रोल पाने के लिए भीख मांगती हो और अब तुम्हारा इंडियन फिल्म्स में काम करने का सपना टूट गया तो तुम्हे गुस्सा आ रहा है ? तुम्हे तब गुस्सा क्यों नहीं आया था जब हमारे लोगों को मारा गया था।

### पति नील से अलग होने पर

# ऐश्वर्या शर्मा

## ने तोड़ी चुप्पी, कहा- हां, मैंने किराए पर अलग घर लिया है, लेकिन..



टीवी की मशहूर एक्ट्रेस ऐश्वर्या शर्मा ने आखिरकार पति नील भट्ट के साथ सेपरेशन की खबरों पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है. हाल ही में ऐसी अफवाहें जोर पकड़ रही थीं कि ऐश्वर्या और नील के बीच सबकुछ ठीक नहीं है. इन अटकलों का मुख्य कारण दोनों का सार्वजनिक रूप से कम दिखना और सोशल मीडिया पर एक साथ तस्वीरें शेयर न करना था. हालांकि, ऐश्वर्या शर्मा ने अब इन सभी बातों को खारिज करते हुए अपनी शादीशुदा जिंदगी की सच्चाई बताई है. इस दौरान ऐश्वर्या ने ये भी कहा है कि वे दोनों अलग घरों में रहते हैं.टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में ऐश्वर्या शर्मा ने साफ तौर पर कहा कि वो और नील अपनी शादीशुदा जिंदगी में बहुत खुश हैं. वे लगातार अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं करते हैं या अक्सर पार्टीज में साथ में दिखाई नहीं देते हैं, इसका मतलब ये बिल्कुल नहीं है कि उनके बीच किसी तरह की कोई समस्या चल रही है. ऐश्वर्या ने कहा कि उनकी खुशहाल शादीशुदा जिंदगी को लेकर बेवजह अफवाहें फैलाई जा रही हैं, जिनमें कोई सच्चाई नहीं है.



**एक साथ न दिखने के पीछे है खास वजह**

बिग बॉस फेम एक्ट्रेस ने आगे बताया कि उनका अक्सर साथ में न दिखना दोनों की तरफ से सोच-समझकर लिया गया फैसला है. उन्होंने स्पष्ट किया कि वे दोनों ही अपनी प्रोफेशनल जिंदगी में लगातार एक-दूसरे के साथ रहना पसंद नहीं करते हैं. ऐश्वर्या ने कहा कि वे दोनों कलाकार हैं, जिनके अपने अलग रास्ते हैं, दोनों अपने-अपने काम को महत्व देते हैं और एक-दूसरे के प्रोफेशनल फैसलों का सम्मान करते हैं. वो नहीं चाहते कि उन्हें एक साथ देखकर मेकर्स उन्हें सभी प्रोजेक्ट्स में एक साथ कास्ट करें.

**अलग-अलग घरों में रहते हैं नील और ऐश्वर्या**

सेपरेशन की अफवाहों पर और सफाई देते हुए ऐश्वर्या ने कहा कि हां, किसी भी आम कपल की तरह उनके बीच भी छोटे-मोटे मतभेद होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उनकी शादी खतरे में है. उन्होंने इन अफवाहों के फैलने का एक खास कारण भी बताया. ऐश्वर्या ने कहा कि उन्होंने अपने काम और शूटिंग के लिए मलाड में एक अलग जगह किराए पर घर लिया है और नील अलग घर में रहते हैं. इस वजह से ये अफवाहें वायरल हो रही हैं कि वो दोनों एक दूसरे से अलग होने जा रहे हैं. लेकिन इसमें कोई भी सच्चाई नहीं है. फिलहाल, वो और नील अपने-अपने करियर में बिजी हैं और उनकी पर्सनल लाइफ की बात करें तो दोनों एक दूसरे के साथ बहुत खुश हैं.

## 5 करोड़ में बनी इस फिल्म ने की थी जबरदस्त कमाई, भर-भरकर थे डबल मीनिंग डायलॉग्स



2005 में एक ऐसी फिल्म आई जिसमें एडल्ट कॉमेडी भर-भरकर दिखाई गई और उस फिल्म का नाम था 'क्या कूल हैं हम'. फिल्म में तुषार कपूर और रितेश देशमुख लीड रोल में नजर आए थे और उनके काम को पसंद भी किया गया था. फिल्म में दिखाए जाने वाले एडल्ट सीन और डबल मीनिंग वाले डायलॉग्स ही लोगों को एंटरटेन करने में कामयाब हुए थे.फिल्म क्या कूल हैं हम को एकता कपूर के प्रोडक्शन हाउस में बनाया गया था. फिल्म का दूसरा और तीसरा पार्ट भी बना था जिसमें तुषार कपूर और रितेश देशमुख ही नजर आए थे. फिल्म ने कितनी कमाई की थी, इसे किसने बनाया था, आइए इसके बारे में जानते हैं.

**'क्या कूल हैं हम' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन**

6 मई 2005 को रिलीज हुई फिल्म क्या कूल हैं हम का निर्देशन संगीत सिवान ने किया था और इसे प्रोड्यूस शोभा कपूर, एकता कपूर ने किया था. फिल्म में तुषार कपूर, रितेश देशमुख, ईशा कोप्पिकर और नेहा धूपिया लीड रोल में नजर आए.

इनके अलावा अनुपम खेर, राजपाल यादव, रज्जाक खान और सुष्मिता मुखर्जी जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आए. थे Sacnilk के मुताबिक, फिल्म क्या कूल हैं हम का बजट 5 करोड़ रुपये था, जबकि इसका वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 21.81 करोड़ रुपये था. फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी.

**किस ओटीटी पर देख सकते हैं 'क्या कूल हैं हम' ?**

तुषार कपूर और रितेश देशमुख की एडल्ट कॉमेडी फिल्म क्या कूल हैं हम को दर्शकों ने पसंद किया था. इसके दो और पार्ट्स 'क्या सुपर कूल हैं हम' (2012) और 'क्या कूल हैं हम 3' (2016) भी आए जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रहे. 'क्या सुपर कूल हैं हम' का निर्देशन सचिन यर्दी ने किया था और 'क्या कूल हैं हम 3' का निर्देशन उमेश घाडगे ने किया था. अगर आप इन तीनों फिल्मों को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखना चाहते हैं तो इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर सब्सक्रिप्शन के साथ देख सकते हैं.

## कोई पुड़िया नहीं है...क्या रणवीर सिंह को सुपरस्टार बनाने के पीछे है नवाजुद्दीन सिद्दीकी का हाथ?



बॉलीवुड एक्टर और फिल्मों से जुड़े कुछ ऐसे राज होते हैं, जिन्हें खुलने में या सामने आने में काफी वक्त लग जाता है. हाल ही में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने भी एक ऐसा ही किस्सा सुनाया, जिसे सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे. नवाजुद्दीन अपनी फिल्म कोस्टाओ की रिलीज़ के बाद से लगातार चर्चा का हिस्सा बने हुए हैं. उन्हें फिल्मी दुनिया में 10 साल से ज्यादा का समय हो चुका है. उन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों और सीरीज में काम किया है. हाल ही में नवाज ने रणवीर सिंह को उनकी पहली फिल्म के लिए ट्रेनिंग देने पर खुलकर बात की.पिंकविला को दिए गए इंटरव्यू के दौरान नवाजुद्दीन ने रणवीर सिंह को उनकी पहली फिल्म बैंड बाजा बाराज के लिए ट्रेनिंग देने पर बात की और इसका क्रेडिट लेने से भी इनकार किया. क्योंकि उनका मानना है कि एक्टिंग कभी भी सिखाई नहीं जा सकती. जब एक्टर से रणवीर को ट्रेनिंग देने को लेकर सवाल किया तो उन्होंने जवाब में कहा, कुछ वक्त के लिए किया था. उस वक्त को याद करते हुए कहा कि उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि सिर्फ दो साल बाद ही वह रिकॉर्ड ब्रेकिंग वाली फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर में काम करेंगे.

**उसके अंदर काबिलियत थी - नवाजुद्दीन**

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, ऐसा कभी नहीं सोचा था. मैं तो एक तरह से वर्कशॉप लेने वाला बंदा हो गया था कि कोई किसको एक्टर बनना है, लॉन्च होना है तो मैं हूं. वर्कशॉप करते थे हम लोग सब एक्टर्स के साथ. यह पूछे जाने पर कि क्या वह रणवीर सिंह के एक्टिंग टैलेंट का क्रेडिट लेंगे तो नवाजुद्दीन ने कहा, एक्टिंग कभी सिखायई नहीं जा सकती. कोई पुड़िया नहीं है. आपको खुद को पता लगाना पड़ता है. उसके अंदर खुद की काबिलियत थी. हां आपको रास्ता दिखाया जा सकता है कि इस तरफ से भी जाया जा सकता है, लेकिन जाना तो आपको ही पड़ेगा ना.

**पहली ही फिल्म से छा गए थे रणवीर**

रणवीर सिंह ने साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म बैंड बाजा बारात से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. फिल्म में अनुष्का शर्मा लीड रोल में थीं. दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी. महज 15 करोड़ में बनकर तैयार हुई इस फिल्म ने दुनिया भर में 33 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था. इस फिल्म के बाद अब तक रणवीर सिंह ने कई दमदार किरदार बड़े पर्दे पर पेश किए हैं.

# विकसित भारत का आधार बनेगा विकसित यूपीः बंगा

## यूपी में पर्यटन क्षेत्र में हैं असीम संभावनाएंः वर्ल्ड बैंक प्रेसिडेंट अजय बंगा

**लखनऊ**
वर्ल्ड बैंक प्रेसिडेंट अजय बंगा शुक्रवार को अपनी टीम के साथ राजधानी लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान बंगा ने राज्य में हो रहे विकास कार्यों और मुख्यमंत्री के नेतृत्व की जमकर सराहना की। लखनऊ में मिले गर्मजोशी भरे स्वागत से अभिभूत बंगा ने कहा कि ऐसा लग रहा है मानो मैं अपने घर वापस आ गया हूं। यूपी में मेरा ससुराल है और 12 साल बाद यहां आकर मैं हर क्षेत्र में बदलाव देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ में विजन, दृढ़ता और ऊर्जा है।

**विकसित भारत का आधार बनेगा विकसित यूपी**

अजय बंगा ने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश का विकास भारत को वैश्विक मंच पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित यूपी ही विकसित भारत का आधार बनेगा। बंगा ने प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व सुधारों, मजबूत कानून व्यवस्था और सुदृढ़ कनेक्टिविटी की प्रशंसा की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प को सराहते हुए कहा कि उनकी नीतियों ने यूपी की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर



पहुंचाया है। विश्व बैंक अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मजबूत कानून व्यवस्था और बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर ने यूपी को निवेश और विकास के लिए एक आदर्श स्थान बनाया है। विश्व बैंक अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के छोटे किसानों को राज्य की सबसे बड़ी ताकत करार दिया। उन्होंने कहा कि छोटे किसान ही उत्तर प्रदेश का सोना हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि किसान जमीन बेचकर अमीर नहीं बन सकते, उन्हें उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करना होगा। उन्नत खेती के जरिए ही वे समृद्धि हासिल कर सकते हैं। बंगा ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और नवाचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यूपी के कृषि क्षेत्र में हो रही प्रगति की सराहना की और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया।

**यूपी में पर्यटन क्षेत्र में हैं असीम संभावनाएं**

बंगा ने उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यहां धार्मिक, सांस्कृतिक और ईको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं, जो इसे वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिला सकती हैं। बंगा ने यूपी के खानपान और स्थानीय शिल्प की वैश्विक मांग की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यूपी का खानपान और हस्तशिल्प न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोकप्रिय हैं। इनके माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है।

**मैन्युफैक्चरिंग और एमएसएमई सेक्टर यूपी का भविष्य**

विश्व बैंक अध्यक्ष ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उत्तर प्रदेश की क्षमता को असाधारण बताया। उन्होंने कहा कि माइक्रो, स्मॉल, और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) में यूपी एक बड़ा है। बंगा ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए योगी सरकार द्वारा बनाए गए अनुकूल माहौल की सराहना की और कहा कि यह निवेशकों के लिए राज्य को आकर्षक बनाता है।

## रक्षा जरूरतों के साथ ही रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

### मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के माध्यम से कॉरिडोर के विभिन्न नोड्स पर निवेश और रोजगार के मिलेंगे अवसर



**लखनऊ**
पाकिस्तान के साथ मौजूदा संबंधों को देखते हुए भारत अपनी हर आवश्यक रक्षा जरूरतों को पूरा कर रहा है। निकट भविष्य में भारत की इन सभी जरूरतों को पूरा करने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर न सिर्फ रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, बल्कि प्रदेश में रोजगार सृजन का भी मजबूत आधार तैयार कर रहा है। इस कॉरिडोर के तहत अब तक 170 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के माध्यम से करीब 30 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश आकर्षित किया गया है, जिससे लगभग 50 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत अब तक 57 निवेशकों को भूमि पट्टे पर आवंटित की गई है, जो अपनी उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने के विभिन्न चरणों में हैं। इन इकाइयों के माध्यम से 9462.8 करोड़ रुपए का निवेश जमीनी स्तर पर साकार हो चुका है, जिससे 13,736 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पहला पट्टा जून 2021 में निष्पादित किया गया था और मात्र चार वर्षों से कम समय में 57 उद्योग इस कॉरिडोर में अपनी सुविधाएं विकसित कर रहे हैं।

**आत्मनिर्भर भारत का मजबूत आधार बन रहा डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर**

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है, बल्कि भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कॉरिडोर में स्थापित होने वाली इकाइयां भारतीय सेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक उपकरण और हथियारों का निर्माण करेंगी, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी। योगी सरकार का लक्ष्य कॉरिडोर के सभी नोड्स में निवेश और रोजगार के अवसरों को और विस्तार देना है। इसके अलावा, आगरा और चित्रकूट नोड्स में भी जल्द ही भूमि आवंटन और उद्योग स्थापना की प्रक्रिया तेज की जाएगी।

## हर की पौड़ी की बढ़ी सुरक्षा व्यवस्था, केंद्रीय सशस्त्र बल तैनात


**हरिद्वार**
आतंक की फैक्ट्री पाकिस्तान से तनाव के बीच बड़े धार्मिक स्थलों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। हरिद्वार में विश्वप्रसिद्ध तीर्थस्थल हर की पौड़ी पर रोजाना होने वाली गंगा आरती की सुरक्षा चाक चौबंद की गई है। केंद्र की ओर से हरिद्वार में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की दो टुकड़ियां भेजी गई हैं। इसके अलावा आतंकवाद विरोधी दस्ते की दो टीम पहले से तैनात हैं। ऐसे में प्रतिदिन सायंकाल होने वाली गंगा आरती के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बल की एक कंपनी रोजाना मौजूद रहेगी। इसके अतिरिक्त रेलवे-बस स्टेशन, आईआईटी रुड़की और रुड़की कैंट की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हरिद्वार के पुलिस कप्तान प्रमेंद्र डोबाल के अनुसार ढाई सौ से ज्यादा कैमरों से चप्पे चप्पे की निगरानी की जा रही है। उधर हरकीपौड़ी पर अलग से पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। एसएसपी के अनुसार सोशल मीडिया की भी निगरानी की जा रही है।

## हिमाचल-अमृतसर, पठानकोट, कटरा के लिए रात्रि बस सेवा पर लगाई रोक

**शिमला**
भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात को देखते हुए हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने पंजाब के अमृतसर व पठानकोट और जम्मू-कश्मीर के कटरा की ओर संचालित होने वाली रात्रिकालीन बस सेवाओं को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। पाकिस्तान की ओर से हालिया ड्रोन और मिसाइल हमलों की आशंकाओं के बीच यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह फैसला लिया गया है। एचआरटीसी प्रबंधन के अनुसार वर्तमान परिस्थितियों में इन सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर जाने वाली रात्रि बस सेवाओं पर अस्थायी रोक लगाई गई है। निगम के प्रबंध निदेशक ने बताया कि जम्मू-पठानकोट-अमृतसर रूट पर यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट भी दर्ज की गई है जिससे संचालन को लेकर आर्थिक व सुरक्षा दोनों ही दृष्टिकोण से समीक्षा की गई है।

## भारत-पाकिस्तान तनाव पर अमेरिका की चिंता, ट्रंप ने जताई शांति की उम्मीद


**वॉशिंगटन**
भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव को लेकर अमेरिका ने गहरी चिंता जताई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द शांति की राह अपनाएं और सीमा पर बढ़ते तनाव को कम करें। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने शुक्रवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप इस मुद्दे को लेकर बेहद सजग हैं और चाहते हैं कि परमाणु शक्ति संपन्न ये दोनों पड़ोसी देश तनाव को जल्द से



जल्द समाप्त करें। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष कम हो और क्षेत्र में स्थिरता बहाल हो। प्रवक्ता कैरोलिन यह तब कहा जब उनसे अमेरिका की संभावित मध्यस्थता को लेकर सवाल पूछा गया। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका इस मामले में कोई औपचारिक भूमिका निभाने जा रहा है या नहीं, लेकिन यह जरूर कहा कि अमेरिका हालात पर करीबी नजर बनाए हुए है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर गोलीबारी और राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता का माहौल बन गया है। अमेरिका के इस बयान को दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संतुलन साधने की एक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## वित्त वर्ष 2025 में आरईसी का शुद्ध लाभ बढ़कर 15,713 करोड़ रुपये हुआ

**दिव्य दिल्ली :** विद्युत मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी आरईसी ने 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए 15,713 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो वित्त वर्ष 24 में 14,019 करोड़ रुपये से 12 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के बोर्ड ने 2.60 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की भी सिफारिश की है, जिससे वर्ष के लिए कुल लाभांश 18 रुपये प्रति शेयर हो गया है, जो वित्त वर्ष 24 में 16 रुपये था। वित्त वर्ष 25 के लिए, स्टैंडअलोन संवितरण 18




प्रतिशत बढ़कर 1,91,185 करोड़ रुपये हो गया, जबकि शुद्ध ब्याज आय 27 प्रतिशत बढ़कर 19,878 करोड़ रुपये हो गई। कुल आय बढ़कर 55,980 करोड़ रुपये हो गई, जो साल-दर-साल 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करती है। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में आरईसी ने 4,236 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले साल की समान अवधि के 4,016 करोड़ रुपये से 5 प्रतिशत अधिक है। तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज आय 38 प्रतिशत बढ़कर 5,876 करोड़ रुपये हो गई, जबकि संवितरण 45,538 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही से 16 प्रतिशत अधिक है। कंपनी की शुद्ध संपत्ति पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 13 प्रतिशत बढ़कर 77,638 करोड़ रुपये हो गई, जबकि इसका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 25.99 प्रतिशत पर मजबूत बना रहा, जो भविष्य में ऋण और विस्तार के लिए पर्याप्त गुंजाइश दशार्ता है।

## ऑपरेशन फेस वॉश के तहत 03 अवैध बांग्लादेशी नागरिक आजादपुर नई सब्जी मंडी से गिरफ्तार किया



**बिनोद कुमार**

**दिव्य दिल्लीः** उत्तर-पश्चिम जिले के फॉरेन सेल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 03 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से प्रतिबंधित क्टड ऐप से लैस चार स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनका इस्तेमाल वे बांग्लादेश में अपने परिवारों से बात करने के लिए करते थे। मई 2025 में, अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की उपस्थिति के बारे में विशेष खुफिया जानकारी मिली थी, जो संदेह से बचने के लिए खुद को ट्रांसजेंडर के रूप में ट्रैफिक सिग्नल पर भीख मांग रहे थे और अन्य गतिविधियाँ कर रहे थे। कुछ दिनों की निरंतर मैनुअल और तकनीकी निगरानी के बाद, 08.05.2025 पुलिस टीम को विश्वसनीय जानकारी मिली कि 03 ऐसे व्यक्ति आजादपुर नई सब्जी मंडी के पास मौजूद थे। टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सुबह-सुबह जाल बिछाया और सभी 03 संदिग्धों को पकड़ लिया गया। उनके पास से प्रतिबंधित क्टड ऐप से लैस 04 स्मार्ट मोबाइल फोन भी बरामद किए गए, जिनका इस्तेमाल वे बांग्लादेश में अपने परिवारों से बातचीत करने के लिए कर रहे थे। पूछताछ के दौरान, उन्होंने खुलासा किया कि वे एजेंटों की सहायता अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर गए थे और ट्रेनों के माध्यम से दिल्ली की यात्रा की। उन्होंने आगे खुलासा किया कि वे सभी पुरुष हैं और उन्होंने अपने पहचान छुपाने और पकड़े जाने से बचने के लिए उन्होंने अपना रूप बदल लिया। आरोपी की पहचान मोहम्मद मकसुदा अली उर्फ मोहम्मद मासूम पुत्र मोहम्मद मुख्तार अली उर्फ मोहम्मद अबुल कलाम निवासी गांव-रंगपुर गैबांधा, जिला-ढाका बांग्लादेश, उम्र-40 वर्ष। ? अब्दुल हकीम उर्फ जेली पुत्र समसुल हक निवासी ग्राम-मोलजानी, पोस्ट- गोला बाजार, पीएस-मुक्ता गच्छा, जिला-मायमेमसिंह, बांग्लादेश, उम्र-33 वर्ष। फईम पायल पुत्र बड्ल निवासी ग्राम-पचवती, नारायणगंज, ढाका बांग्लादेश, उम्र-21 वर्ष। के रुप में की गई है। पुसिल के मुताबिक तीनों आरोपी को आगे की निर्वासन कार्यवाही के लिए एफआरआ?ओ आरके पुरम, नई दिल्ली को सौंप दिया गया है। आगे की जांच चल रही है और इन अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने के प्रयास जारी हैं। बता दे की अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए वर्तमान में जिले में "ऑपरेशन फेस वॉश" नामक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल के लिए एक समर्पित टीम का गठन किया गया है, जिसमें एसआई श्याम बीर, एएसआई राजेंद्र, एचसी कपिल, एचसी टीका राम और कांस्टेबल दीपक शामिल हैं।

## मौजूदा हालात में महिला सैन्य अधिकारियों का मनोबल न गिराएंः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को शार्ट सर्विस कमीशन वाली 69 महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा से मुक्त न करने का निर्देश दिया है। इन महिला अधिकारियों ने स्थायी कमीशन न देने के फैसले को चुनौती दी है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार से कहा कि वर्तमान माहौल में महिला सैन्य अधिकारियों का मनोबल नहीं गिराया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि इन महिला



सैन्य अफसरों को सुप्रीम कोर्ट में मत भटकने दीजिए। सुप्रीम कोर्ट उन 69 महिला सैन्य अधिकारियों की याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिन्होंने केंद्र सरकार की ओर से स्थायी कमीशन नहीं देने के आदेश को चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं के वकील ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में सुर्खियों में आयी कर्नल सोफिया कुरैशी को भी स्थायी कमीशन के लिए सुप्रीम कोर्ट आना पड़ा था, जिन्होंने देश को गौरवान्वित किया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि यह सशस्त्र बलों को युवा बनाये रखने की नीति पर आधारित एक प्रशासनिक फैसला था।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में फंसे लोगों के लिए रेलगाड़ियों के परिचालन के निर्देश

**नई दिल्ली**
**रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को जम्मू और चंडीगढ़ एयरपोर्ट के बंद होने के चलते सीमावर्ती क्षेत्रों में फंसे यात्रियों के लिए विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन का निर्देश दिया है। मंत्री के निर्देश पर आज जम्मू तथा उधमपुर से चार विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया गया।

रेल मंत्री ने रेल भवन में रेल परिचालन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। स्थिति का पूर्ण जायजा लेने के बाद उन्होंने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों की सहायता के लिए गाड़ियों का परिचालन किया जाए। नियमित गाड़ियों के साथ-साथ आवश्यकतानुसार विशेष गाड़ियों का भी परिचालन किया जाए। रेल मंत्रालय ने बताया कि रेल मंत्री के निर्देश पर 9 मई को जम्मू तथा उधमपुर से चार विशेष गाड़ियों का परिचालन किया गया।

## पर्यावरण और सामाजिक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरू हुई बाइक का जुनून, देवभूमि का सुकून यात्रा विधानसभा अध्यक्ष नें दिखाई हरी झंडी

**दिव्य दिल्ली :** दिल्ली विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री विजेंद्र गुप्ता ने आज नई दिल्ली से लैंसडौन, उत्तराखंड तक की एडवेंचर राइड 2.0 बाइक का जुनून, देवभूमि का सुकूनह्न को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंडल द्वारा विभिन्न कॉर्पोरेट और संस्थागत साझेदारों के सहयोग से आयोजित इस राइड का उद्देश्य पर्यावरणीय जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर बोलते हुए



विधान सभा अध्यक्ष ने बाइक राइड के प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि यह यात्रा केवल साहसिक राइड नहीं, बल्कि पर्यावरण और समाज के प्रति समर्पण की एक प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने टीम



वर्क, अनुशासन और नागरिक कर्तव्य की भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। राइड के दौरान बाइकर्स न केवल वृक्षारोपण करेंगे, बल्कि स्थानीय समुदायों से जुड़कर सामाजिक संदेश भी फैलाएंगे। इस पहल के प्रमुख उद्देश्य–पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाना, सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना, और टीम भावना को सशक्त करना है।

विजेन्द गुप्ता ने आशा व्यक्त की कि दिल्ली उत्तराखंड जैसे सबसे कम प्रदूषित शहरों में से एक बन सकती है, इस दिशा में ऐसे प्रयास एक सकारात्मक कदम हैं।

## उल्लू एप के प्रबंधन से महिला आयोग ने पूछा सवाल, क्या होगा अगर ऐसी सामग्री आपके बच्चों तक पहुंचे

**नई दिल्ली**
अश्लील सामग्री परोसने वाले उल्लू एप के सीईओ अविनाश दुगर और संचालन प्रमुख प्रियंका चौरसिया शुक्रवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर के समक्ष पेश हुए। आयोग की अध्यक्ष ने उन्हें सामग्री निमार्ता के रूप में उनकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी की याद दिलाते हुए कहा कि क्या होगा अगर ऐसी अश्लील सामग्री आपके अपने बच्चों तक पहुंचेगी? आयोग के मुख्यालय में सुनवाई के दौरान अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि मनोरंजन और शोषण के बीच एक धुंधली रेखा है और हाउस अरेस्ट इसका एक स्पष्ट उदाहरण है। मनोरंजन की आड़ में महिलाओं के शोषण को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने एप की सामान्य सामग्री प्रोफाइल पर गहरी चिंता व्यक्त की, जो अनाचार, महिलाओं के वस्तुकरण और सॉफ्ट पोर्नोग्राफी का महिमामंडन करती प्रतीत होती है।


Published, printed and owned by Rajesh.Chauhan, printed at B B Graphic printer Z--57 Okhla Industrial Area ph.2 New Delhi -110020 and published at BG 6 305 B Paschim Vihar New Delhi --110063 Editor Rajesh.Chauhan. E mail ID-rajeshchauhan4569@gmail.com, Contact No. - 9873104569, RNI No DELENG/2013/54397